'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform

News app | Online E-Paper | News Portal | Youtube | Facebook | Instagram | Twitter | Tumbler | Reddit

वर्ष 1, अंक 01 पेज 8 शुक्रवार 01 मार्च, 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# दिल्ली हरियाणा भवन में हुई हरियाणा भाजपा चुनाव समिति की बैठक

## बैठक में लोकसभा चुनावों, आगामी कार्य योजनाओं और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा

## मुख्यमंत्री मनोहरलाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सहित अनेक नेता रहे मौजूद



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हरियाणा भाजपा की चुनाव समिति की बैठक दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सहित अनेक बड़े नेता इस बैठक में मौजूद रहे। बैठक में लोकसभा चुनावों पर चर्चा के अलावा आगामी कार्य योजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर लिखा है कि दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हुई चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने यह भी लिखा कि "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" के मूलमंत्र पर चलते हुए भाजपा राष्ट्र हित में सदैव तत्पर है। जनता-जनार्दन की सेवा करना ही भाजपा का परम कर्तव्य है। पार्टी इसी विचारधारा के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा कि बैठक में लोकसभा चुनावों के निमित्त आगामी कार्य योजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा तैयार है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा चुनावों को उत्सव की तरह मनाती है। चुनावों को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास भी भाजपा में लगातार बढ़ रह है। लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया है। इन दस सालों में मोदी और मनोहर सरकार ने बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास और हर वर्ग के लिए काम किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर चलने वाला एक मात्र राजनीतिक दल है। पार्टी के लोकतांत्रिक मूल्यों को देखते हुए ही देश और प्रदेश के लोग भाजपा को चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाएं अगले पांच सालों के लिए सरकार से क्या होगी इसके लिए पार्टी ने संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेने का अभियान शुरू किया है। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा देश के एक करोड़ लोगों से रायसुमारी करने के बाद ही अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी ताकि अमृतकाल में विकसित भारत का सपना साकार हो सके।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करना मनोहर सरकार का संकल्प है। प्रदेश में मनोहर सरकार ने गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीब लोगों के जीवन स्तर को सुधारा है। हरियाणा में हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर और जनता के आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत तय है। देश और प्रदेश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है।

**भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाना मोदी की गारंटी : बिप्लब देब**

बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने की गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रप्रथम की विचारधारा को समर्पित हरियाणा भाजपा के मेहनती कार्यकर्ता 'मोदी की गारंटी' को जन-जन तक पहुँचाकर आगामी चुनाव में भाजपा को प्रदेश की सभी सीटों पर विजयी बनाएँगे। इस मीटिंग के बाद डा. सुधा यादव ने मीडिया से कहा कि लोकसभा प्रत्याशियों का नाम केंद्रीय चुनाव समिति तय करेगी। इस बैठक में केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल कौशिक, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, चौधरी बीरेंद्र सिंह, कैप्टन अभिमन्यु, उषा प्रियदर्शी आदि नेता उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट सख्त, राम रहीम को पैरोल दिए जाने पर कहा पैरोल भवष्यि में न दी जाए, 10 मार्च को करे सरेंडर






**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 फरवरी।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पीठ ने हरियाणा सरकार से पूछा कि राज्य सरकार बताए कि डेरा मुखी राम रहीम की तरह अन्य और कितने कैदियों को इसी तरह से पैरोल दी गई. हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जानकारी मांगी है.

डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को बार-बार पैरोल दिए जाने के मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है. कोर्ट ने कहा है कि भविष्यि में बिना अदालत की इजाजत के राम रहीम को पैरोल न दी जाए. आपको बता दें कि राम रहीम की पैरोल 10 मार्च को समाप्त हो रही है और उस दनि ही डेरा मुखी को सरेंडर करने को कहा है.

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पीठ ने हरियाणा सरकार से पूछा कि राज्य सरकार बताए कि डेरा मुखी राम रहीम की तरह अन्य और कितने कैदियों को इसी तरह से पैरोल दी गई. हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जानकारी मांगी है. कोर्ट ने कहा है कि मामले की अगली सुनवाई पर जानकारी दी जाए। डेरा मुखी राम रहीम को दी जा रही पैरोल को एसजीपीसी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. एसजीपीसी का कहना था कि डेरा मुखी राम रहीम के खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं और इनमे उसे दोषी करार दे सजा भी सुनाई जा चुकी है. इसके बावजूद इसके हरियाणा सरकार डेरा मुखी को पैरोल दे रही है जो पूरी तरह से गलत है. लिहाजा डेरा मुखी को दी गई पैरोल को रद्द किया जाए.

बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 19 जनवरी को 50 दिन की पैरोल दी थी. इससे पहले उन्हें नवंबर 2023 में 21 दिन की पैरोल दी गई थी. इसके बाद वह पिछले साल 21 नवंबर को हरियाणा के रोहतक जिले की सुनारिया जेल से बाहर आए थे. 2023 में राम रहीम की जेल से यह तीसरी अस्थायी रिहाई थी.

इससे पहले डेरा प्रमुख 30 जुलाई को 30 दिन की पैरोल पर सुनारिया जेल से बाहर आए थे. इससे पहले उन्हें जनवरी में 40 दिन की पैरोल दी गई थी. अक्टूबर 2022 में भी उन्हें 40 दिन की पैरोल दी गई थी. अक्टूबर की पैरोल से पहले, वह पिछले साल जून में एक महीने की पैरोल पर जेल से बाहर आए थे. इसके अलावा, उन्हें 7 फरवरी, 2022 से तीन सप्ताह की पैरोल दी गई थी. राम रहीम सिंह अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के आरोप में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है. 2021 में डेरा प्रमुख को चार अन्य लोगों के साथ डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या की साजिश रचने के लिए भी दोषी ठहराया गया था. डेरा प्रमुख और तीन अन्य को 16 साल से अधिक समय पहले एक पत्रकार की हत्या के लिए 2019 में दोषी ठहराया गया था.

# नगर निगम में 180 करोड़ रुपये के विज्ञापन घोटाले में नहीं हुई कार्रवाई: अभय जैन एडवोकेट

## लोकायुक्त के आदेशों की भी हरियाणा सरकार ने की अनदेखी

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा का सबसे अमीर नगर निगम गुरुग्राम में किस तरह से घोटाले होते हैं और घोटालों में दोषियों का कुछ नहीं बिगड़ता, यह नगर निगम में हुए 180 करोड़ रुपये के विज्ञापन घोटाले से पता चलता है। शिकायतों के बाद भी, अदालत के आदेश के बाद भी घोटालेबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरटीआई एक्टिविस्ट एवं मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भेजी है।

अभय जैन एडवोकेट के मुताबिक नगर निगम में 180 करोड़ रुपये के विज्ञापन घोटाले की शिकायत उन्होंने वर्ष 2015 में लोकायुक्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति नवल किशोर अग्रवाल को शिकायत की थी। लोकायुक्त की ओर से कहा गया था कि एक रिटायरर्ड जज और दो ऐसे अधिकारियों की जांच कमेटी गठित की जाए, जो कभी गुरुग्राम नगर निगम में कार्यरत ना रहे हों। चार जून 2021 को लोकायुक्त ने ऑर्डर जारी करके कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार साफ झलक रहा है। इसलिए इसकी जांच के लिए सरकार एसआईटी बनाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। अभय जैन ने बताया कि नियमानुसार सरकार को तीन महीने में कमेटी बनानी थी, लेकिन इस मामले में कुछ नहीं किया गया। उन्होंने फिर से शिकायत भेजी। तब जाकर जनवरी 2022 में स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को जांच सौंपी गई। यह कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन था। क्योंकि लोकायुक्त ने तो एसआईटी बनाने के आदेश दिए थे। सरकार ने मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को जांच सौंपी। अब ब्यूरो का नाम बदलकर एंटी क्रप्शन ब्यूरो कर दिया गया है। इस ब्यूरो ने भी दो साल एक महीने में कोई जांच आगे नहीं बढ़ाई।

अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि विजिलेंस को जांच सौंपे भी 25 महीने हो गए हैं। इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सरकार को इस विषय पर कार्रवाई करनी चाहिए। सीएम को भेजी शिकायत में उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टोलरेंस नीति के तहत नगर निगम गुरुग्राम में हुए इतने बड़े भ्रष्टाचार की त्वरित जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे घोटाले करके अधिकारी एक तरह से सरकार की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों पर नजर रखने के लिए भी सरकार अलग से कोई कमेटी गठित करे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस पर संज्ञान नहीं लेती है तो वे हाईकोर्ट की भी शरण लेंगे। क्योंकि यह कोर्ट के आदेशों की अवहेलना है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से बेहाल : डॉ राजपाल

## नफ़े सिंह राठी हत्याकांड की कड़े शब्दों में कई निन्दा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** इनेलो जिला प्रधान डॉ राजपाल यादव ने आज पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि इनेलो प्रदेश के अध्यक्ष नफ़े सिंह राठी की जिस प्रकार दिन दहाड़े गोलियां मारकर हत्या कर दी उससे ये बिल्कुल साफ हो गया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल ठप्प हो चुकी है आज प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलन्द है आये दिन लूट,फिरौती, हत्या, महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाओं में इजाफा हो रहा और प्रदेश की सरकार सत्ता के नशे में चूर है। जिसकी वजह से हर व्यक्ति आज भय के साये में जीवन यापन कर रहा है। इस हत्याकांड की की कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ।

ऐसी घटनाओं से भारतीय जनता पार्टी को सबक लेते हुए तुरंत प्रभाव से अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और प्रदेश में बढ़ रहे अपराध को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। डॉ राजपाल यादव ने कहा कि अपराधी किसी के सगे नहीं होते ये पूरे समाज को दूषित करते हैं इसलिए इनका जितनी जल्दी हो खात्मा करने के लिए कदम उठाने चाहिए। यही नही प्रदेश सरकार को चौ नफ़े सिंह राठी को उचित सुरक्षा देनी चाहिए थी क्योंकि उनको लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी इस बात को उन्होंने मुख्यमंत्री व स्थानीय पुलिस को भी शिकायत दी लेकिन न तो पुलिस ने व न ही मुख्यमंत्री ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नही लिया और नतीजा ये निकला कि चौ नफ़े सिंह राठी के हत्यारे अपने नापाक इरादों को पूरा कर दिया आज मुख्यमंत्री को चौ नफ़े सिंह राठी को उचित सुरक्षा मुहैया नही करने के लिए माफी मांगनी चाहिए । इतना कुछ होने के बाद भी अगर सरकार जल्दी से हत्या करने वालों को नही पकड़ पति है तो ये समझ लेना चाहिए कि इसमें शामिल लोगों को सरकारी संरक्षण प्राप्त है। आज बीजेपी जेजेपी सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम है। जिसकी वजह से आज अपराधियों के हौसले ज्यादा बढ़े हैं। अगर सरकार जल्दी हत्या के आरोपियों को नही पकड़ती है इनेलो पार्टी राठी परिवार को न्याय दिलाने के लिए किसी तरह भी पीछे नही हटेंगे।

## सीए पवन कुमार सर्वसम्मति से आईसीएआई रेवाड़ी ब्रांच के बने प्रधान




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सीए पवन कुमार को नॉर्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल आफ आईसीएआई की रेवाड़ी शाखा का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। यह जानकारी देते हुए कार्यकारिणी के पूर्व अध्यक्ष ईशांत यादव ने बताया की महाराणा प्रताप चौक पर स्थित कार्यालय में हुई मीटिंग में सीए पवन कुमार को सर्वसम्मति से रेवाड़ी शाखा का अध्यक्ष चुना गया। सीए अनु जैन को उपप्रधान व कोषाध्यक्ष तथा सीए नितिन गोयल को सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी सदस्य सीए जतिन सैनी तथा सीए रॉकी उपस्थित रहे। सत्र 2024-25 के नवनियुक्त अध्यक्ष पवन कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं अपने पद का निर्वहन जिम्मेदारी से निभाऊंगा और नए सदस्यों के लिए समय-समय पर सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा।

# लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन ने आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में जिला रेवाड़ी में नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर व टीम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरूवार को जिला के सभी नोडल अधिकारियों को तथा विभिन्न प्रकार की टीमों को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान अधिकारियों को चुनाव के दौरान अपने दायित्व व कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करने का पाठ पढ़ाया गया। शुक्रवार 1 मार्च को बाद दोपहर 2 बजे 72-बावल (अजा) विस क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर, सायं 3 बजे 73-कोसली विस क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर तथा सायं 4 बजे 74-रेवाड़ी विस क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर ऑफिसर को जिला सचिवालय सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**ईवीएम के बारे में आमजन को किया जा रहा जागरूक :**

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आमजन को ई.वी.एम. के बारे में जागरूक करने और ई.वी.एम. के बारे में नागरिकां की शंकाओं का समाधान करने के लिए करने के लिए जिला में विभिन्न जगहों पर ई.वी.एम. प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं जिन पर ई.वी.एम. मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं जो आमजन को ईवीएम से संबंधित जानकारी दे रहे हैं। उन्होने बताया कि लघु सचिवालय रेवाड़ी सहित जिला में कई जगह ई.वी.एम. प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होने बताया कि इन प्रशिक्षण केंद्रो पर कोई भी व्यक्ति कार्यालय समय में जाकर ई.वी.एम. के बारे मे नियुक्त ई.वी.एम. मास्टर ट्रेनर से जानकारी प्राप्त कर सकता है।

## शादी झांसा दे दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पति के देहांत होने के बाद वर्ष 2017 में उसकी मुलाकात मनमोहन पांडे से हुई थी। इसके बाद दोनों की बातचीत होने लगी। मनमोहन पांडे ने उसे भरोसा दिया की वह उसके साथ शादी करके उसके बच्चों का पालन पोषण करेगा। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती काफी दिनों तक शारीरिक संबंध बनाए जिसके कारण वह गर्भवती भी हो गई थी। आरोपी ने जबरदस्ती दो बार उसका गर्भपात कराया। आरोपी उससे पैसों की डिमांड करते हुए कहने लगा कि उसे 10 लाख रुपए दे तभी उससे शादी करेगा। वहीं उसने मकान उसके नाम नहीं किया तो वह उसकी अश्लील वीडियो एवं फोटो वायरल कर देगा। जिस पर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना रेवाड़ी में दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में आरोपी मनमोहन पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

# मनोहर सरकार की बेहतर खेल नीति से खिलाड़ियों को मिल रहा प्रोत्साहन : दीपक डागर

## ब्रान्ज मेडल जीतने वाले कुणाल गौड़ का गांव पहुंचने पर भाजपा नेता ने किया जोरदार स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** 22 से 26 फरवरी तक रॉयल गलोबल यूनिवर्सिटी गुवाहाटी असम में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल प्रतियोगिता में पृथला क्षेत्र के ग्राम पन्हेड़ा खुर्द के रहने वाले कुणाल गौड़ ने बेहतरीन प्रदर्शन कर ब्रान्ज मैडल जीता। कुनाल गौड़ के आज गांव पहुंचने पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों की थाप और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर दीपक डागर ने कहा कि कुणाल गौड़ ने अपनी प्रतिभा की बदौलत गांव पन्हेड़ा खुर्द के साथ-साथ पृथला क्षेत्र का नाम पूरे देशभर में गौरवान्वित करते हुए ब्रान्ज मेडल जीता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर की बेहतर खेल नीति के चलते ही आज हमारे हरियाणा के खिलाड़ी न केवल नेशनल स्तर पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। श्री डागर ने कुणाल गौड़, उसके परिजनों व कोच को बधाई देते हुए कहा कि सभी की मेहनत की बदौलत आज कुनाल ने यह मुकाम हासिल किया है और वह आशा व्यक्त करते है कि भविष्य में भी कुणाल इसी प्रकार अपना व अपने गांव, जिले व प्रदेश का नाम देश व विदेश में रोशन करता रहे। गौरतलब है कि कुणाल गौड़ ने उक्त प्रतियोगिता में डीयू टीम की कप्तानी की और सात साल बाद डीयू को ब्रान्ज मैडल दिलवाया। इससे पूर्व भी कुणाल दो बार नेशनल लेबल पर खेल चुके है। इस बार कोच नवीन कौशिक और डीयू टीम के कोच ने कुणाल से कोचिंग करवाई और इसके चलते उसने यह बेहतर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महावीर गौड़, मदन कुमार, चौकेराम, लक्की, पारस गौड़, मुकेश तेवतिया, देवी सिंह कुंडू सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# युवाओं द्वारा युवाओं के लिए युवा संसद का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं जज्बा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद 2024 का आयोजन डी. ए. वी. शताब्दी महाविद्यालय एन. आई. टी. 3 के सभागार में सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का विषय विकसित भारत 2047 रहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बडख़ल विधानसभा की विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा मौजूद रही। प्रथम तकनीकी सत्र में जि़ला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक ने युवाओं को रजिस्ट्रेशन एण्ड ब्रीफिंग से संबंधित जानकारी दी। ओर युवाओं से इस पोर्टल से जुडने. व उनके पंजीकरण करने व अन्य युवाओं के पंजीकरण करने की बात रखी। इसी के साथ साथ उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना है ताकि वो अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान कर सकें। इसका उद्देश्य युवाओं को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और उन्हें विकास प्रक्रिया में सबसे आगे लाने के लिए प्रेरित करना और राष्ट्रीय निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करना है। इस वर्ष आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन विकसित भारत में युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा पूरे भारतवर्ष में किए जा रहे हैं। मुख्यातिथि के रूप आई बडख़ल विधानसभा की विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा ने युवाओं के बीच विधानसभा की कार्यप्रणाली का अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने स्वयं की कार्यशैली के बारे में अवगत कराते हुए पक्ष-विपक्ष को कैसे संसद की गरिमा को बनाये रखना है, उसपर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया । अंत मे जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन ने जानकारी देते हुए बताए कि आज के इस सत्र में युवाओं के साथ प्रभा सोलंकी जी के द्वारा महिला शक्तिकरण के बारे चर्च की गई वही इसी के साथ साथ प्रवेश मालिक के द्वारा विकसित भारत 2047 पे चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मॉक पार्लिमेंट का भी आयोजन किया गया जिसमें युवाओं के द्वारा प्रदूषण के मुद्दे पर एक दूसरे को संसद की कार्यवाही में घेरने का कार्य किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डी. ए. वी. शताब्दी महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग व केशब गौर, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक दीपक शर्मा, गौरव गुप्ता, हिमांशु भट्ट, राहुल वर्मा, कृपन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अधिकारियों भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई चुनाव हैंड बुक का अध्ययन जरूर करें : सतबीर मान

## सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में लोक सभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि लोकतंत्र को मजबुत बनाने में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा के तुरंत बाद अधिकारियों को इसके लिए अपने आप को पूरी तैयारी करना होगा। लोक सभा चुनाव पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराना हम सब की जिम्मेदारी बनती है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सभी अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये हैं। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान आज वीरवार को सैक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में आयोजित इस संदर्भ में अधिकारियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग की प्रकिया के बारे में प्रशिक्षण दे रहे थे। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि हमें चुनाव के लिए मानसिक रूप से पहले तैयार होना चाहिये। निष्पक्ष चुनाव के लिए हमें बहुत चुनाव की हैंड बुक का अध्ययन करना होगा। इनका अध्ययन अभी से गम्भीरता करना होगा। वहीं पुलिस और प्रशासनिक आपसी तालमेल करके चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सभी गतिविधियों को बेहतर तरीके से क्रियानवित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिन अधिकारियों की आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 में ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन अधिकारियों के दायित्व के बेहतर क्रियान्वयन के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें उनकी ड्युटियों और उनके जिम्मेवारियों बारे उन्हें विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आज ट्रेनिंग कार्यक्रम लोकसभा आम चुनाव- 2024 में जिला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए लगाए गए नोडल अधिकारी, सुपरवाइजर ऑफिसर, मजिस्ट्रेट और एमसीएमसी कमेटी, मॉनिटरिंग कमेटी, चुनाव खर्च सहित जिन जिन अधिकारियों की जहां ड्युटियां लगी है, उन अधिकारीयों ने एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हमें प्लानिंग के तहत कार्य करना है। जिला का पॉलिटिकल प्रोफाइल बना कर कार्य करना है। जिला में कितने बूथ है कितने बूथ संवेदनशील और कितने अति संवेदनशील इनकी हमें जानकारी होना जरूरी है। कुल वोटर कितने हैं , वॉटर का अनुपात क्या है, इस पर ध्यान देना होगा। पोलिंग स्टेशन पर सुविधाएं क्या-क्या है उन पर ध्यान देने होगा। मूवमेंट प्लॉन बनाकर उस पर कार्य करना होगा। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने प्रशिक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह भी जानना चाहिये कि किसी गांव या शहर अन्य स्थान पर गत चुनाव में चुनाव का बहिष्कार तो नहीं किया व अगर किया है तो उसके कारण क्या रहे थे। उन्हें चुनाव के दौरा फ्लाइंग स्कवैड, निगरानी टीम की भमिका के अलावा किन-किन धाराओं के तहत प्रत्याशी पर किन सथितियों में मामला दर्ज किया जा सकता है पर भी प्रशिक्षित किया। उन्होंने चुनाव संबंधित हैड बुक का अध्ययन करने का भी अधिकारियों को सुझाव दिया। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आज प्रशिक्षणार्थी में सैक्टर आफिसर, परिजाइडिग अधिकारी की चुनाव में क्या भूमिका होती है,पोलिग पार्टी, रैडमाईजेशन, पीडब्ल्युडी वोटर क्या होता है इसकी क्या विशेषता होती है, टैंडर वोट क्या होता है, रिफयूज वोट क्या होता है। उन्होंने अधिकारियों को पिंक बुथ, मॉड्रन बुथ के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के आवेदनों का नियमानुसार करें निपटारा : डीसी विक्रम सिंह




## बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए दी जाती है 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के गृह सचिव सुधीर राजपाल ने सबंधित विभाग को हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से बीपीएल परिवारों को डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान सरल पोर्टल पर प्राप्त हुए सभी आवेदन पत्रों का निर्धारित नियमानुसार निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। हरियाणा सरकार के गृह सचिव सुधीर राजपाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक ली। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना का लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन पिछले वर्ष हरियाणा सरकार ने इस योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया था। सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर आए आवेदनों की जांच कर उनका समयानुसार निपटारा करे। बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडख़ल अमित मान, डीआरओ बिजेंदर राणा सहित अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# प्रवीण चौधरी पुनः बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा की सहमति से प्रवीण चौधरी को पुन: भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रवीण चौधरी ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कम्बोज, विधायक सीमा त्रिखा, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी पार्टी ने उन्हें सौंपीं है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। प्रवीण चौधरी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग का उत्थान कर रही है और जनता आने वाले चुनावों में फिर से देश व प्रदेश में मोदी-मनोहर सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है।

# पुलिस के 4 पुलिसकर्मी की सेवानिवृति विदाई समारोह मे पुलिस आयुक्त ने दी शुभकामनाएं



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज फरीदाबाद पुलिस परिवार के 4 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21ष्ट में किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, हेड क्लर्क चंद्रभान वेलफेयर इंस्पेक्टर रामनिवास सब इंस्पेक्टर महेश आरटीआई सब इंस्पेक्टर रामकुमार, सुपरिटेंडेंट ब्रांच से असिस्टेंट विजय कुमार व एएसआई जगबीर सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य ब्रांच के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग सेवा देने वाले सब इंस्पेक्टर नरपत, मुख्य सिपाही निहाल, नेत्तरपाल और जगमाल सिंह की सेवानिवृतति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। श्री नेत्रपाल और जगमाल सिंह ने पूर्व में आर्मी में थे जिन्होंने देश की अपनी सेवाएं दी हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सालों तक सेवा करने के पश्चात अब इन कर्मचारियों को विदाई मिल रही है। अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से अपना जीवन व्यतीत कर सकें। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। इन्होंने पुलिस विभाग में सालों तक कार्यरत रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। इनकी कड़ी मेहनत और तपस्या के लिए वह इनका इनका धन्यवाद करते हैं। सीपी ने सभी सदस्यों को भेंट स्वरूप उपहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# देश बोल रहा अबकि बार भाजपा 400 पार : धनखड़



## भाजपा राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने यूपी के गौतमबुद्ध नगर में कार्यकर्ताओं की ली कलस्टर बैठक

## कार्यकर्ता मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिए जुट जाएं, जनता जर्नादन भाजपा के साथ - बोले धनखड़

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव की आहट के बीच पूरे देश में एक ही आवाज सुनाई दे रही है, अबकि बार भाजपा 400 पार और मोदी केंद्र में फिर से बनाएं सरकार । भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कलस्टर बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता भाजपा के साथ चलने को तैयार है, कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचना होगा और जनता के बीच रहकर बेहतर चुनावी प्रबंधन में जुटना होगा।

धनखड़ ने कहा कि भाजपा के पास के मोदी जैसा ओजस्वी नेतृत्व, पन्ना प्रमुख तक मजबूत संगठन और पिछले दस वर्षों में केंद्र व प्रदेशों में भाजपा की सरकारों के उल्लेखनीय कार्य गिनाने व बताने को हैं। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश की सुदृढ़ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था, गरीब, किसान, श्रमिक हितैषी कल्याण कार्य, सुशासन की नीति और सांस्कृतिक विकास के रिकॉर्ड कार्य हुए हैं। मोदी के नेतृत्व में देश चंद्रमा तक पहुंच गया है। सैन्य आधुनिकीकरण भारत की शक्ति कई गुणा बढ़ी है और दुश्मन थर्राने लगे हैं।

धनखड़ ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण, दिव्य काशी को भव्य काशी बनाना, कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक का खात्मा करना, हर भारतीय का अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना ऐसे कार्य हैं। जिनसे आम भारतीय का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है और इसी विश्वास के साथ देश के विकास की गति को कायम रखने के लिए मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाना चाहता है। अब कार्यकर्ताओं को जुटना होगा और हर मतदाता तक पहुंचना होगा।

गौतमबुद्ध नगर पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का स्थानीय नेताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। बैठक यूपी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी क्षेत्र सतेंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर गजेंद्र मावी, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक खुर्जा मीनाक्षी सिंह, लोकसभा प्रभारी अनिल सिसोदिया, लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, लोकसभा सह संयोजक राकेश राणा, क्षेत्रीय महामंत्री हरिऔम शर्मा व हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाफ मैराथन के लिए सिर्फ तीन दिन शेष, एल लाख से अधिक हुए रजिस्ट्रेशन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हाफ मैराथन के लिए अब सिर्फ तीन दिन शेष बचे हैं। गुरुवार 29 फरवरी को मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन का कार्य भी बंद कर दिया गया। मैराथन में अब तक रिकार्ड एक लाख से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। यही नहीं फरीदाबाद हाफ मैराथन को अब वर्ल्ड रनिंग एजेंसी एआईएमएस द्वारा भी सर्टिफाईड कर दिया गया है। एजेंसी द्वारा मैराथन रूट की रियल मैपिंग की गई है और 21 व 10 किलोमीटर की मैराथन में जो भी व्यक्ति दौड़ेगा वह मैराथन खत्म होने के तीन घंटे बाद अपना रियल टाउम सर्टिफिकेट डिजिटली डाउनलोड कर सकता है और यह सर्टिफिकेट पूरे विश्व में किसी भी मैराथन में शामिल होने के लिए मान्य होगा। मैराथन को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मशहूर खिलाड़ी जैसे मैरी कोम, मनु भांकर, लोकेश राजपूत के आलावा बहुत से फिल्मी कलाकार भी फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में भाग लेंगे।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार एक मार्च व शनिवार दो मार्च को सूरजकुंड मेला परिसर के दिल्ली गेट की तरफ एक एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। इस एक्सपो से जिन लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है वह अपनी टीशर्ट व रियल टाइम मशीन प्राप्त कर सकते हैं।

मैराथन को लेकर रूट निर्धारित कर दिया गया है। यह मैराथन सूरजकुंड परिसर स्थित दिल्ली गेट से शुरू होगी। इसके बाद यह एनएचपीसी कालोनी, मानव रचना इंस्टीट्यूट, श्री सिद्धदाता आश्रम, जिमखाना क्लब, सेक्टर 21 डी मार्केट होते हुए वापिस सूरजकुंड पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पूरे रूट पर जगह-जगह स्टेज लगाई जाएंगी और वहां धारकों का उत्साह बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक मंडलियां भी मौजूद रहेंगी। इसके बाद ही मैडिकल व एमरजेंसी मदद भी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में सुरक्षा के पुक्चता इंतजाम होंगी। मैराथन के दौरान पूरे रूट पर यातायात बंद रहेगा।

**यह होगी विजेताओं के लिए ईनाम की धनराशि**

डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि 21 किलोमीटर ओपन केटेगरी में हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 1 लाख रुपये की नकद धनराशि, द्वितीय विजेता को 75 हजार, व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 50 हजार रुपये की धनराशि के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वहीं दस किलोमीटर मैराथान के प्रथम विजेता को 50 हजार, द्वितीय विजेता को 30 हजार, व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 20 हजार रुपये की धनराशि के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि 5 किलोमीटर की फन मैराथॉन का आयोजन में बच्चें युवा और सीनियर सिटीजन भाग ले सकते है।

# एक छत के नीचे सभी जनसुविधाएं दे रही संकल्प यात्रा : राजेश नागर

**तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत तीन स्थानों पर लगाए समस्या निवारण शिविर**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत तिगांव विधानसभा क्षेत्र में तीन स्थानों पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाए गए। जहां पहुंचकर भाजपा विधायक राजेश नागर ने उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। तिगांव विधानसभा क्षेत्र में प्रजापत चौपाल अगवानपुर, राधा वाटिका पोप कॉलोनी तिलपत और डेफोडिल स्कूल विनय नगर अगवानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगे शिविरों में लोगों ने पहुंचकर अपने सरकारी कार्यालयों से संबंधित अनेक कार्य करवाए।

इनमें उज्ज्वला गैस योजना के तहत कनैक्शन, राशन कार्ड, विभिन्न प्रकार की पैंशन, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, स्थायी निवास प्रमाणपत्र, विकलांग प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि अनेक प्रकार के कार्य मौके पर ही करवाए गए। जहां पहुंचकर विधायक राजेश नागर ने सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी जारी किए। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि घर घर जाकर लोगों को प्रशासनिक सेवाएं देने का विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता के प्रति करुणा है और इसे इस बेहतरी के साथ लागू कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय के सपने को पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति सरकारी कार्यालयों तक दौड़ कर अपनी मेहनत की कमाई को न खर्च करे और उसके समय की भी बचत हो। इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की योजना बनाई गई है। जिसका मूल उद्देश्य स्वराज के सपने को पूरा करना है। इसके लिए जनता के घर तक प्रशासन को भेजा गया है। इस अवसर पर वासुदेव भारद्वाज, प्रहलाद शर्मा, रॉकी, प्रेम चौहान, लाल मिश्रा, सहीराम, सोहनपाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अनंत अंबानी की प्री वेडिंग पर जामनगर पहुंचा रिहाना का लगेज



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** इस वक्त गुजरात के जामनगर में दुनिया भर से तमाम बड़ी हस्तियों के साथ फिल्मी और म्यूजिक दुनिया के सितारों की धूम मची हुई है।

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के सितारे इस शहर में आयोजित एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। मौका है मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होनेवाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग फंक्शन का, जिसका हिस्सा बनने पहुंची हैं तमाम हस्तियां। इस मौके की कई झलकियां सामने आई हैं जिनमें हॉलीवुड की मशहूर सिंह रिहाना से लेकर बॉलीवुड के तमाम सितारे पहुंच चुके हैं। इस खास मौके के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें मशहूर सिंगर रिहाना की टीम और इस प्री वेडिंग के लिए उनकी धमाकेदार तैयारियों की झलक दिख रही हैं।

रिहाना की टीम ने जैसे ही जामनगर में एंट्री की उन्हें लेकर जमकर चर्चा होने लगी है। हालांकि, इस वक्त सबसे अधिक चर्चा रिहाना के लगेज को लेकर हो रही है जिसका वीडियो भी सामने आ गया है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से छाया है जिसे लेकर बताया जा रहा है कि ये सामान रिहाना के हैं। इस वीडियो में कई सारे ट्रक एक लाइन से निकलते दिख रहे हैं जिसपर पैक्ड सामान नजर आ रहा है। अब इस वीडियो को देखकर लोग हैरानी जता रहे हैं। कहा जा रहा है कि जामनगर में कुछ ऐसा होनेवाला है जो अब तक शायद इससे पहले इंडियन शादी में कभी न हुआ।

**लोगों ने कहा- ऐसा लग रहा दहेज और शगुन सारा रिहाना की तरफ से**

इस वीडियो को देखकर लोग कई सारे कॉमेंट्स भी कर रहे हैं। लोगों ने कहा है- ऐसा लग रहा है कि उन्होंने घर ही शिफ्ट कर लिया। एक यूजर ने कहा- कोई इन्हें बताओ कि बहन यहां पर्मानेंट नहीं रहना है जामनगर में। कुछ ने कहा- क्या ये इंडिया शिफ्ट हो रहीं? एक ने कहा- ऐसा लग रहा है कि दहेज और शगुन सारा रिहाना की तरफ से ही है। एक ने कहा- ये लगेज जरा कुर्ला से घुमाना एक मिनट के लिए। एक यूजर ने कहा- देखा पैसा है तो क्या-क्या हो सकता है। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# राजा हसन खाँ मेवाती की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता : वशिष्ठ




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**फरीदाबाद।** शहीद राजा हसन खां मेवाती के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। उनके वतनपरस्ती संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार 9 मार्च को बडकली चौक पर भव्य समारोह आयोजित करेगी। जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने बृहस्पतिवार को धौज, सिरोही, खोरी, बिजोपूर सहित कई गांवों के लोगों से मिलने के दौरान कहें। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शहीद समारोह में पहुंचने की अपील की।

मीडिया समन्वयक वशिष्ठ ने कहा कि शहीद राजा हसन खां के शहीद दिवस 15 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष दिन का दर्जा दिया है। लेकिन, रमजान के महीने को देखते हुए फैसला लिया गया है कि इसबार शहीद दिवस का राज्यस्तरीय समारोह 9 मार्च को बडकली चौक पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी बिरादरी के लोग इक्ठ्ठा होकर मेवात के शहीदों को याद करेंगे और मेवात की सांझी विरासत की खुशबू को और मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मेवात लगातार विकास पर अग्रसर है। पहली बार मेवात के युवाओं को निष्पक्ष और योग्यता के आधार पर ईमानदारी से नौकरी मिल रही है। बीते नौ साल में स्कूल व कॉलेजों की संख्या को बढ़ाया गया है। नीति आयोग के हालिया रिपोर्ट के मुताबिक आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नूंह जलि ने स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा और कृषि और जल संसाधन आदि में बड़े पैमाने पर सुधार कर लोगों को लाभ पहुंचाया है। अखिल भारतीय मेव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष असलम गोरवाल ने कहा कि हमारे लिए बड़े सौभाग्य कि बात है कि मेवात के इतिहास को जिंदा रखने के लिए हरियाणा सरकार प्रयास कर रही है, जो बेहद सराहनीय है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हमेशा से ही मेवात क्षेत्र व यहाँ के लोगों से विशेष लगाव रहा है। आगामी 9 मार्च को नूंह जिले में मनाए जाने वाला शहादी दिवस ऐतिहासिक होगा, जिसमें मेवात क्षेत्र के लाखों लोग इस कार्यक्रम के गवाह बनेंगे। उन्होंने कहा कि शहीद राजा हसन खाँ मेवाती की शहादत को याद रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने बहुत आवश्यक हैं, जिससे आने वाली पीढियों को हमारे इतिहास के बार में पता चल सके। इस मौके पर सरपंच नासिर, शकील अहमद, साजिद खान, हाजी आस मोहम्मद, जुबैर खान, सलमान खान, जुम्मा खान, सौकत खान, हाजी आमीन, सहाबुदिन नेता जी, फतेह मोहम्मद, बशीर ख़ान, जफरुद्दीन ट्रांसपोर्ट, खोरी ग्राम पंचायत सदस्य रफीक और खुशीद उर्फ पप्पू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मन्नारा चोपड़ा ने दिखाए टॉर्चर टास्क में मिर्च से मिले जख्मों के निशान



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 17 खत्म हो चुका, पर मन्नारा चोपड़ा इससे मिले जख्मों से उबर नहीं पाई हैं। शो में हुए मिर्ची टास्क में मन्नारा चोपड़ा की हालत खराब हो गई थी। लेकिन हाल ही उन्होंने एक तस्वीर में अपनी हालत दिखाई। मन्नारा ने दिखाया कि मिर्ची टास्क से उनके शरीर पर कितने गहरे निशान और जख्म हो गए। हालांकि एक्ट्रेस ने कहा कि वो अब धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं।


**क्या हुआ था टॉर्चर और मिर्ची टास्क में?**

बता दें कि बिग बॉस 17 में फिनाले वीक से कुछ दिन पहले टॉर्चर टास्क हुआ था, जिसमें घरवालों ने एक-दूसरे पर मिर्च-मसालों से लेकर फोम, स्प्रे, साबुन का पानी और वेक्सिंग तक की थी। जहां कुछ कंटेस्टेंट्स हार गए, वहीं कुछ ने हार नहीं मानी और आखिर तक टिके रहे। मन्नारा चोपड़ा भी इन्हीं में से एक थीं। लेकिन टॉर्चर टास्क में उन मिर्च-मसालों का ऐसा असर हुआ कि मन्नारा हाथ-पैर और टांगों पर गहरे निशान बन गए। यह देख फैंस मन्नारा को हिम्मत दे रहे हैं।

**मन्नारा चोपड़ा ने इसलिए दिखाए निशान**

मन्नारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने हाथ-पैर की तस्वीरें शेयर कर लिखा है कि मंदिर की तस्वीर वायरल होने के बाद कुछ लोग मिर्ची टास्क के दौरान मिले निशान के बारे में पूछ रहे थे। इस वजह से तस्वीर शेयर कर रही हूं। अब ये निशान हल्के हो रहे हैं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# पॉप सिंगर रिहाना की काले कपड़ों में वो एक तस्वीर, जिसने दिया था जोर का झटका



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर रिहाना एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्हें दुनियाभर से चाहने वालों का प्यार मिलता है। म्यूजिक और ग्लैमर की दुनिया में 35 साल की इस पॉपस्टार का हर कोई दीवाना है। हालांकि, इस पॉपुलर्टी का एक पक्ष यह भी है कि इस हसीना को उनसे जुड़ी छोटी-छोटी चीजों को लेकर जज किया जाता है। खासतौर से उनके कपड़ों को लेकर। ऐसा इसलिए क्योंकि रिहाना को अक्सर ऐसे कपड़ों में देखा जाता है, जो बोल्ड और ऊम्फ से भरे तो होते ही हैं बल्कि उनमें ग्लैमर एंड सेक्सीनेस का एलिमेंट भी इस कदर ऐड होता है कि उनके आगे किसी दूसरी हसीना का टिक पाना भी मुश्किल हो जाता है। बिल्कुल ऐसा ही नजारा रिहाना की प्रेग्नेंसी जर्नी में भी देखने को मिला था, जब एक से एक बोल्ड कट वाले कपड़े पहनकर इस हसीना ने सभी की बोलती बंद कर दी थी। वहीं जब मां बनने के बाद रीरी (रिहाना) ने ग्लैमरस लुक के साथ कमबैक किया, तो भी लोग इनके अंदाज को देख प्लेजेंटली सरप्राइज हुए। खैर, ऐसा होता भी क्यों न रिहाना ने स्किन टाइट कपड़ों में अपनी शेप में लौटती बॉडी फ्लॉन्ट ही इस तरह से की थी कि इस यमी मॉमी को देख कोई भी इसका अंदाजा तक नहीं लगा सकता था कि उन्होंने कुछ दिनों पहले ही अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया है।

नो डाउट रिहाना की ड्रेस तो ऐसी थी ही जिसे पहनने के लिए स्टाइल के साथ-साथ तगड़ी हिम्मत भी चाहिए। वहीं इस अटायर को उन्होंने जिस तरह से राउंड ऑफ किया था, वो भी उनकी फैशन स्किल्स को एक स्टेप आगे ले जा रहा था। रिहाना ने अपने ओवरऑल लुक को बहुत ही बोल्ड रखा था। उन्होंने अपने फेस को न्यूड टोन मेकअप के साथ कम्पलीट किया था, जिसके साथ अपनी आईज को स्मोकी टच दिया। वहीं बालों को इस हसीना ने स्पाइक टच दिया था, जोकि ओवरऑल लुक को सुपर ड्रमैटिक बना रहे थे।

**काले कपड़ों में वो फोटोशूट**

अपने दूसरे बेटे ऋद्धश्ह्ल ऋश्ह्यद्द के जन्म के बाद रिहाना ने एक जबरदस्त फोटोशूट करवाया था, जिसके लिए उन्होंने सिर से लेकर पांव तक ऐसे कपड़े चुने थे, जिनमें भरपूर ड्रामा भरा हुआ था। अरबों की दौलत वाली इस सिंगर ने इस दौरान ब्लैक कलर का गाउन पहना था, जिसमें पीछे की तरफ लॉन्ग ट्रेन थी। यह ऑउटफिट वेलवेट फैब्रिक से बना हुआ लग रहा था, जिसमें ऐड की गई बोल्ड लो-कट नेकलाइन लुक में सीजल जोड़ती नजर आ रही थी। इस लुक की सबसे खास बात यह थी कि इसमें कॉन्फिडेंट बिल्यनेर मॉमी अपने दोनों बच्चों के साथ पोज कर रही थीं।

**मेट गाला को बना दिया यादगार**

साल 2017 के मेट गाला इवेंट में रिहाना ने जिस तरह से अपने लुक को स्टाइल किया था, उसने पूरी तरह यह साबित कर दिया कि मेट गाला की असली लुक क्वीन वही हैं। इस इवेंट वह Rei Kawakubo का डिज़ाइन किया हुआ ऑउटफिट पहनकर पहुंची थीं, जोकि उनका अब तक सबसे हटकर अटायर था। इस ऑउटफिट में फूलों की बड़ी-बड़ी पंखुड़ियां बनी हुई थीं, जोकि एकदम ड्रमैटिक लुक प्ले कर रही थीं। वहीं इस ऑउटफिट को उन्होंने स्ट्रैपी डिटेलिंग वाली हाई हील्स के साथ कम्पलीट किया था। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

# इस बर्तन में पकाना चाहिए बच्चे का खाना, नहीं होगी सबसे जरूरी पोषक तत्व की कमी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** बच्चों में भी कई ऐसी चीजें और संकेत या लक्षण होते हैं जिन्हें नजरअंदाज करना सही नहीं होता है। बच्चों में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया। पीडियाट्रिशियन डॉक्टर सांची रस्तोगी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके इस प्रॉब्लम के बारे में कुछ खास जानकारी दी है। अगर आपका बच्चा भी छोटा है और आपको उसमें यहां बताए गए लक्षण दिख रहे हैं, तो आपके बच्चे में आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया हो सकता है। इसके साथ ही आपको यहां यह जानने को भी मिलेगा कि बच्चों में इस समस्या का समाधान किस तरह से किया जा सकता है।

**एनीमिया के लक्षण**

डॉक्टर सांची का कहना है कि अगर आपका बच्चा कम खा रहा है या उसे भूख कम लगती है, तो यह आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया का संकेत हो सकता है। इसके अलावा बच्चे का चिड़चिड़ा रहना, जल्दी थकान महसूस करना, भूख कम लगना और त्वचा का पीला पड़ना भी इस तरह के एनीमिया के लक्षणों में शामिल है।

**बच्चों में आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया**

बच्चों में इस तरह का एनीमिया होना आम बात है। 15 साल से कम उम्र केएक तिहाई बच्चों में एनीमिया देखा जाता है। इसका कारण असंतुलित आहार, भोजन से पोषण को अवशोषित न कर पाना, पेट में कीड़े होना और पिकी ईटिंग आदि हो सकता है।

**क्या करना चाहिए**

बच्चे के 6 महीने के होने के बाद उसकी पोषण संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए ब्रेस्टमिल्क पर्याप्त नहीं होता है। बच्चे के आहार में आयरन की मात्रा को बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। इसके लिए आप उसे आयरन से भरपूर आहार खिलाएं। (स्रोत: समाचार एजेंसी)

## प्रधानमंत्री एनसीएल की फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, कोयले की आपूर्ति और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय के अंतर्गत कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने 29 फरवरी को दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं उद्घाटित की। इन परियोजनाओं के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को कम किया जाएगा और तेजी से कोयला निकासी की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। यह काम उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है। उद्घाटन की जाने वाली उल्लेखनीय परियोजनाओं में जयंत ओसीपी, सीएचपी-साइलो और दुधिचुआ ओसीपी, सीएचपी-साइलो शामिल हैं। जयंत ओसीपी, सीएचपी-साइलो की क्षमता 15 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है और इसे 723.50 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विकसित किया गया है। इसी प्रकार दुधिचुआ ओसीपी सीएचपी-साइलो की वार्षिक क्षमता 10 मिलियन टन है और इसे 670.19 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया गया है। उद्घाटन के बाद ये परियोजनाएं कोयला निकासी प्रक्रियाओं में दक्षता और स्थिरता का नया युग प्रारंभ करेंगी, परिवहन समय और लागत दोनों को कम करेंगी, जिससे समग्र उत्पादकता और लाभप्रदता में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त ये परियोजनाएं लॉजिस्टिक्स को अधिकतम और कार्बन उत्सर्जन को कम करके गुणवत्ता वाले कोयले के प्रेषण और इसके वितरण के लिए एक हरित और पर्यावरण के प्रति जागरूक दृष्टिकोण में योगदान देंगी। इन परियोजनाओं का उद्घाटन कोयला मंत्रालय की आधारभूत अवसंरचना विकास और सतत पहलों के प्रति दृढ संकल्प को रेखांकित करता है, जिसका उद्देश्य हरित भविष्य को बढ़ावा देना और भारत की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देना है।

## संपादकीय

# गलत मिसाल

अपने देश में न तो सांसदों और विधायकों का दलीय निष्ठा बदलना कोई नई चीज है और न ही क्रॉसवोटिंग करना। फिर भी मंगलवार को राज्यसभा की 15 सीटों के लिए हुए चुनाव में जिस तरह से बड़े पैमाने पर क्रॉस वोटिंग देखने को मिली, उसे अहम माना जा रहा है। वजह यह है कि इस बार इस ट्रेंड ने कई मायनों में पुराने पैटर्न को तोड़ा है, जिससे पुरानी लाइन पर की जाने वाली आलोचनाएं असंगत लगने लगी हैं।

**कोई कम नहीं:** जैसा कि आम तौर पर होता है इस बार भी एक तबका क्रॉसवोटिंग को सत्ता के दुरुपयोग और सत्तारूढ़ दल की अलोकतांत्रिक प्रवृत्तियों का परिणाम बता रहा है। लेकिन इस बार यह आलोचना धारदार नहीं मालूम हो रही तो इसलिए कि कांग्रेस भी इस मामले में पीछे नहीं रही। कर्नाटक में, जहां वह सरकार में है, BJP के एक विधायक की क्रॉसवोटिंग से उसका एक प्रत्याशी जीत गया।

**यूपी में बड़ा खेल:** यूपी में हुई क्रॉसवोटिंग ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। एक तो यहां सीटों की संख्या सबसे अधिक थी। दूसरे, क्रॉसवोटिंग करने वाले विधायकों की संख्या भी ज्यादा रही। तीसरे, क्रॉसवोटिंग करने वाले विधायक का कद भी बड़ा था। समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक (चीफ विप) भी क्रॉसवोटिंग करने वालों में शामिल रहे, जो रायबरेली के हैं। इसे आगामी लोकसभा चुनावों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके BJP में शामिल होने और रायबरेली से टिकट लेकर विपक्षी दलों के मंच I.N.D.I.A. के लिए असुविधाजनक हालात पैदा करने की चर्चा है। रायबरेली गांधी परिवार की सीट रही है।

**हिमाचल में संकट:** हिमाचल प्रदेश में क्रॉसवोटिंग ने न केवल कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को बेहद सुरक्षित मानी जा रही सीट पर झटका दे दिया, बल्कि राज्य सरकार के असतित्व के लिए भी चुनौती पैदा कर दी। राज्यसभा चुनावों के बहाने वह पुराना असंतोष बाहर आ गया जो राज्य में सरकार गठन के बाद से ही बना हुआ था और जिसे संबोधित करने का कोई कारगर प्रयास कांग्रेस नेतृत्व नहीं कर पाया था।

**बहुमत से कुछ दूरी:** हालांकि केंद्र की मौजूदा सरकार को एनडीएसे बाहर के भी कई दलों का समर्थन हर महत्वपूर्ण मौके पर मिलता रहा है, लेकिन फिर भी यह तथ्य अहम है कि लगातार दस साल शासन करने के बाद मौजूदा कार्यकाल के आखिर में भी सत्तारूढ़ गठबंधन ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर पाया। मंगलवार को मिली जीतों के बाद भी राज्यसभा में NDA की कुल सदस्य संख्या बहुमत के लिए जरूरी संख्या (121) से चार कम है।

**लोकतांत्रिक चेतना:** बहरहाल, यह बात भुलाई नहीं जानी चाहिए कि लालच और दबाव में विधायकों का निष्ठा बदलना लोकतंत्र को कमजोर करने वाली प्रवृतति है जिसे किसी भी दल द्वारा अपनी ताकत या जीत के रूप में प्रचारित करना देश की लोकतांत्रिक चेतना को सवालों के घेरे में लाता है।

## उपायुक्त नरेश नरवाल आज जनता दरबार लगाकर लोगों की सुनेगे समस्या



**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**सिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल सिवानी के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में एक मार्च को जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनेंगे और मौके ही उनका समाधान करेंगे। ये जानकारी देते हुए एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उपायुक्त नरेश नरवाल एक मार्च को सुबह 11 बजे सिवानी के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। वही दूसरी और,एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने इसके लिए वीरवार को अधिकारियो के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओ,तथा उपमंडल स्तर पर चल रहे विकासात्मक परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों से समीक्षा की।एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने बताया कि डीसी सिवानी में वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। विकास कार्यों का जायजा लेंगे तथा आवश्यक दिशा निर्देश देंगें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी वर्तमान में चल रहे तथा शुरू होने वाले विकास कार्यों से जुड़ी फाइलें लेकर तैयारी के साथ बैठक में उपसथित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि आमजन को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ समय पर मिल सके।

## राकवमावि कनीना मंडी के प्राचार्य साढ़े 26 वर्ष की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सेवानिवृतति सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है एक निश्चित समय अवधि के बाद कर्मचारियों को सेवानिवृतति होना पड़ता है ये विचार कनीना के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.विश्वेश्वर कौशिक ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी के प्राचार्य ब्रह्मदत्त की सेवानिवृतति के अवसर पर उपसथित जनों के समक्ष व्यक्त किए उन्होंने कहा कि साढे 26 वर्ष की सेवा के दौरान ब्रह्मदत्त ने ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन किया उसे सदैव याद रखा जाएगा विदाई समारोह में पहुंचे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार लाटा ने कहा कि ब्रह्मदत्त ने जहां भी सेवाएं दी वहां अपने कार्यों की अमित छाप छोड़ी उन्होंने पुनहाना, पटौदी, रोहड़ाई, कन्होरी तथा कनीना सहित विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दी उनकी सेवा निवृतति पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बीईओ व शिक्षकों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया विदाई पार्टी के बाद शिक्षण स्टाफ पुणे से सम्मान उनके गांव फैजरावास, रेवाड़ी छोड़ने गया इस मौके पर बीआरसी दिलबाग सिंह, हरीश यादव, रामेश्वर दयाल, नरेश कुमार, सावित्री देवी, मुन्नी देवी,श्री भगवान, सुनील कुमार, संदीप कुमार, जसवंत सिंह हाजिर थे।

## दान का शुभ फल मिलता है: शिवानंद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** मनुष्य द्वारा शुभ कार्य के लिए किए गए दान का शुभ फल ही प्राप्त होता है ये विचार स्वामी शिवानंद ने रामबास गावं में आयोजित हवन के समय व्यक्त किए उन्होंने गांव में नवनिर्मित टीन सेड का उद्घाटन भी किया शिवानंद महाराज ने कहा कि यज्ञ हमें मिलकर चलना सिखाता है तथा दान समाज में एकरूपता लाने की प्रेरणा देता है उन्होंने कहा कि धन की तीन गती होती है जिसमें उत्तम गति दान, मध्यम गति भोग और तृतीय गति नाश होता है मनुष्य को ने कमाई का 10वां हिस्सा दान करना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक उत्थान के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ग्रामीण कुलदीप यादव ने गांव में कमरा बनाने की घोषणा की पूर्व एचएम रामेश्वर दयाल, अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव, बनवारी लाल, सरपंच सुरेश देवी, वेद प्रकाश,पुरुषोत्तम यादव,रामनिवास शर्मा के अलावा अन्य ग्रामीण नजर थे।

# मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने गेतलसूद बांध का किया दौरा



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने झारखंड के रांची में स्थित गेतलसूद बांध का दौरा किया, जिसका उद्देश्य केज फार्मिंग की प्रगति की समीक्षा करना था। इस समीक्षा को झारखंड मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से किया गया। झारखंड का रांची स्थित गेतलसूद जलाशय पंगेशियस और तिलापिया मछली प्रजातियों के संवर्धन के लिए केज फार्मिंग का केंद्र है। आसपास के सोलह गांवों के केज फार्मिंग करने वाले मछली किसान मत्स्य पालन सहकारी समितियों के सदस्य हैं। वे जीआई पाइप या मॉड्यूलर केजिज का उपयोग करते हैं। उनका औसत उत्पादन प्रति केज 3-4 टन है और जलाशय केज फार्मिंग से कुल लाभ प्रति वर्ष 4 लाख रुपये से अधिक है। केज मछली संवर्धन का काम, 2012-13 में शुरू किया गया था, जिसमें नीली क्रांति, आरकेवीवाई और पीएमएमएसवाई के तहत स्थापित 365 केजिज के साथ महत्वपूर्ण सफलता देखी गई है। इन केजिज में तिलापिया, पंगासियस की फार्मिंग की गई और मछली की आबादी बढ़ाने के लिए जलाशय में सालाना 25 लाख फिंगरलिंग्स का भंडारण करने का महत्वपूर्ण काम पूरा किया गया। बाजार संपर्क पहले से ही मौजूद है, क्योंकि स्थानीय रूप से उत्पादित मछली पास के बाजार में बेची जाती है। मछुआरों ने इसे औसतन 120 रूपए प्रति किलोग्राम की कीमत पर बेचा, जो इस क्षेत्र के आर्थिक कल्याण में योगदान दे रहा है।

डॉ. अभिलक्ष लिखी ने अपने दौरे के दौरान केज मछली किसानों से उनके मुद्दों और चुनौतियों को समझने के लिए बातचीत की। उन्होंने भारत के विशाल जलाशय संसाधनों की अपार क्षमता पर प्रकाश डाला, जिसका अनुमानित क्षेत्रफल 32 लाख हेक्टेयर है, जिसका वर्तमान में मछली उत्पादन के लिए जितना उपयोग होना चाहिए, उतना उपयोग नहीं हो पा रहा है। नीली क्रांति संबंधी सीएसएस के तहत, मत्स्य पालन एकीकृत विकास और प्रबंधन योजना 2015-16 से 2019-20 के दौरान मत्स्य पालन विभाग द्वारा शुरू की गई और इसमें कुल 14,022 केजिज को मंजूरी दी गई थी और इस परियोजना में 420 करोड़ रुपये की लागत आई थी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 44,908 केजिज को स्वीकृति दी गई है, जिसकी कुल परियोजना लागत 1292.53 करोड़ रुपये है। मत्स्य पालन विभाग के सचिव ने गेतलसूद बांध रांची, झारखंड में केज निर्माण स्थल का भी दौरा किया और उद्यमियों के साथ बातचीत की।

# सिवानी में नगर पालिका चुनाव प्रक्रिया फिर से ठंडे बस्ते में

**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** पिछले करीबन एक महीने से नगर पालिका चुनाव को लगी लेकर चली आ रही गतिविधियों पर एकाएक रोक लगने से चुनावों की बाट जोह रहे भावी उम्मीदवार के चेहरे पर रौनक गायब होती दिखाई दे रही क्योंकि पालिका चुनावी प्रक्रिया को लेकर अभी कोई समय नजर नही आ रहा है। अब संभव रूप से नगर पालिका के चुनाव लोकसभा चुनाव के बाद ही हो पाएंगे। फिलहाल नगर पालिका के चुनाव किसी कीमत में पर संभव नहीं है ,क्योंकि पालिका द्वारा नगर पालिका चुनाव को लेकर चली आ रही गतिविधियों पर रोक लगा दी है और संबंधित बीएलओ को फिलहाल इस पर कार्य न करने के आदेश भी दिए हैं। जानकारी के अनुसार नगर पालिका चुनाव को लेकर पिछले 1 महीने से वोट आदि को लेकर चली आ रही गतिविधियों एकाएक रोक दी गई है जिससे चलते साफ लगता है कि नगर पालिका के चुनाव लोकसभा चुनाव के बाद ही संपन्न होंगे, क्योंकि देश में लोकसभा के चुनाव बिल्कुल सर पर खड़े हैं। ऐसा कभी हुआ भी नहीं की सरकार अपने चुनाव से पहले कोई दूसरे चुनाव करवा लें। सरकार द्वारा हमेशा अपने चुनाव को प्राथमिकता देती है ना की पंचायती चुनाव ,नगर पालिका, नगर परिषद आदि के चुनाव को। राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा पालिका चुनाव को लेकर चली आ रही गतिविधियों को रोकने का पत्र मिलने के बाद सभी कार्य एकाएक रोक दिए गए हैं। अब आगामी आदेशों तक इस पर कोई काम नहीं होने वाला है

**भावी उम्मदवारों को करना होगा इन्तजार**



भावी पार्षद व चेयरमैन पदों के उम्मीदवारों को पालिका चुनावों का और इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि पालिका चुनाव को लेकर चली आ रही गतिविधियों चुनाव आयुक्त के पत्र के बाद ठप हो गई है। ऐसे में उम्मीदवारों को कुछ महीने और इंतजार करना पड़ेगा, वही वोटरों के साथ लगातार संपर्क भी बनाए रखना पड़ेगा ताकि वह आपस में जुड़े रहें।

**पार्षदों की बजाय चेयरमैन पदों चेहरे ज्यादा**

नगर पालिका चुनाव को लेकर वार्डों में जहां पार्षदों के चेहरे अभी साफ नहीं हुए हैं वहीं नगर पालिका चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने वाले भावी उम्मीदवारों के कई चेहरे काफी पहले ही सामने आ चुके हैं और इसकी संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। चेयरमैन पद के कई दावेदार अपनी उम्मीदवारी की ताल ठोक चुके है जो कि सभी सामान्य वर्ग से है। अगर चेयरमैन पद बीसी ए या एससी वर्ग के लिए आ जाता है तो फिर चेयरमैन पद का खेल दूसरे सिरे से आरंभ होगा।

**क्या बोले पालिका सचिव**

नगर पालिका चुनाव को लेकर चली आ रही गतिविधियां अचानक रोके जाने के बारे में नगर पालिका के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा पत्र मिला है कि वोटर आईडी की लिस्ट जो फाइनल की जानी थी उसे एकाएक रोक दिया जाए और जब तक नहीं आदेश नहीं आते हैं तब तक इस पर कोई काम ना किया जाए ,इसलिए सभी संबंधित बीएलओ को आदेश दे दिए गए हैं कि पालिका चुनाव को लेकर जो गतिविधि चली आ रही थी उसे रोक लिया जाए।

**क्या बोले पालिका के पहले चेयरमैन**

इस बारे में नगर पालिका के पहले चेयरमैन रहे एवं वर्तमान में नंबरदार सुभाष चावला का कहना है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा पालिका को भेजे गए पत्र से साफ झलकता है कि लोकसभा से पहले नगर पालिका के चुनाव नहीं होंगे ,ऐसे में उम्मीदवारों को और इंतजार करना पड़ेगा वैसे उनको तैयारियां करने का और समय मिल गया है और उनका लगातार तैयारी करती रहनी चाहिए।

## पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले दर्जनभर दुपहिया वाहन चालकों के किए चालान




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों से शखती से निपटा जाएगा आए दिन घटित सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि रक्त की जरूरत देश को है सड़क को नहीं कनीना शहर थाना प्रबंधक कमलदीप राणा ने बृहस्पतिवार को वाहनों की जांच एवं कमी पाए जाने पर चालान करते हुए कहा कि अभिभावक नाबालिक बच्चों के हाथ में वाहनों को न थमाएं वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और नशा करके वाहन न चलाएं पुलिस आमजन की सेवा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है पुलिस ने बिना हेलमेट, तीन यात्री व बिना कागजात वाले दर्शनभर दुपहिया वाहनों के चालान भी किये बिना सीट बेल्ट चलने वाले वाहन चालकों को हिदायत भी दी गई उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का प्रवेश द्वार बनाने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को 354वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता ओमप्रकाश बागोत ने की। उन्होंने कहा कि शीत लहर के बावजूद वाहनों का प्रवेश द्वार बनाने को लेकर ग्रामीण धरने पर डटे हुए हैं उन्होंने कहा कि पिछले सालभर से ग्रामीण इस मांग को लेकर शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं बिमार होने के बाद भी ग्रामीणों का जोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि सर्दी के बीच धरना स्थल पर उनके बागोत निवासी एक साथी की शहादत भी हो चुकी है ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं। सरकार आश्वासन के अलावा धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर विजयपाल, हरिओम पोता, नाथूराम, सतवीर सिंह, बाबूलाल, सूबेदार सुखबीर सिंह, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह,रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

# केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में हुई आईसीएआर सोसायटी की 95वीं वार्षिक आम बैठक




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) सोसायटी की 95वीं वार्षिक आम बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, कैलाश चौधरी, उत्तर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री धर्मपाल सिंह, नागालैंड के कृषि मंत्री माथुंग यंथन, और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक भी शामिल थे।

केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि आईसीएआर ने देश को भूख व कुपोषण से निकालकर स्वस्थ कृषि उत्पादन की ओर ले जाने की दिशा में कृषि क्षेत्र में नवाचार का नेतृत्व किया है। पिछली बैठक में 46 से अधिक सुझाव आए थे, जिन सभी पर आईसीएआर ने कार्य पूर्ण किया है। मुंडा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धि का ही नतीजा है कि विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या होने के बावजूद भारत में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को केंद्र द्वारा मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

मुंडा ने कहा कि कई उपलब्धियों के बावजूद कुछ चुनौतियां हैं, जिनका समाधान तलाशते हुए हमें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढना है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में कृषि-किसान को समृद्ध बनाते हुए देश को आगे बढ़ाने का कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही कृषि सम्बद्ध क्षेत्रों- पशुपालन, मत्स्य पालन, मुधमक्खी पालन आदि को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। हमें जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण जैसी चुनौतियों के समाधान की दिशा में तेजी से काम करते हुए किसानों की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना है। खुशी की बात है कि इसमें आईसीएआर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईसीएआर ने 2005 से 2014 के दौरान जहां अधिक पैदावार देने वाली 1,225 फसल किस्में जारी की, वहीं 2014 से 2023 के दौरान 2,279 ऐसी किस्में जारी की गई, जो लगभग दोगुना है। अब ध्यान पौषणिक सुरक्षा पर है, इसके लिए जैव प्रबलित किस्मों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस दिशा में प्रभावी ढंग से आगे बढने के लिए बैठक में आने वाले सुझाव काफी मददगार होंगे। मुंडा ने कहा कि मानव समाज के लिए, कृषि क्षेत्र की प्रगति के बिना किसी और क्षेत्र की प्रगति नहीं हो सकती है। इसका संतुलन बनाकर व तमाम चुनौतियों का सही आंकलन कर उसका निराकरण करते हुए बेहतर परिणाम देने का प्रयास होना चाहिए। सुदूर क्षेत्र में रहने वाले छोटे से छोटे किसान में आत्म स्वाबलंबन हो, उनकी प्रगति हो, कृषि उत्पादन बढ़े और हर दृष्टि से आत्मनिर्भरता हो, इसकी कोशिश होना चाहिए। इस दिशा में हम सबको मिलकर विचार करते हुए काम करने की आवश्यकता है, ताकि आने वाले दिनों में लक्ष्य हासिल करें और जो संकल्प लिया है, उसे पूरा कर सकें। मुंडा ने आईसीएआर के प्रकाशन व 22 फसलों की 24 किस्में जारी की, जिनमें धान, गेहूं, मक्का, सावां, रागी, सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी, चना, अरहर, मसूर, मोठ, जूट, टमाटर, भिंडी, चौलाई, सेम, खीरा, मटर, आलू, मशरूम, अमरूद शामिल हैं। डीजी डॉ. पाठक ने आईसीएआर उपलबधियों पर रिपोर्ट पेश की।

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# जायदाद को हड़पने के लिए विधवा को पीटकर किया घायल

समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** मां की जायदाद को हड़पने के लिए उसकी बेटी द्वारा अपने पति व मौसी के परिवार को साथ लेकर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। हथीन थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर उसकी बेटी, दामाद, बहन व बहन के परिवार के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, मिंडकोला गांव निवासी विधवा सरला देवी ने दी शिकायत में कहा है उसके पति की मौत हो चुकी है, बेटा नहीं है, जिसके चलते वह अकेली बेसहारा है। उसकी एक बेटी पुनम है, जिसकी शादी उसने 2007 में गुरूग्राम निवासी संदीप के साथ कर दी थी। आरोप है कि उसकी बेटी और दामाद उसकी जायदाद को हड़पना चाहते है। रात के करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर पर अकेली सोई हुई थी। उसी दौरान उसकी बहन के लडक़ा-लडक़ी व पुत्रवधु सुनिल, नीरज, आरती, प्रीती व उसकी सगी बेटी पुनम और दामाद संदीप जबरदस्ती घर के गेट पर लगे दरवाजे को तोडक़र अंदर घुस आए। आरोप है कि उक्त सभी आरोपियों ने आते ही उसपर हमला कर दिया। आरोपियों ने लात, घुसों व डंडों से बुरी तरह मारा-पीटा। झगड़े में उसको गुम चोटें आई और एक दांत भी टूट गया, जिसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी लालची किस्म के है और उसकी जायदाद पर बुरी नियत रखते है तथा उसके साथ कोई भी अप्रिय घटना घटा सकते है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ढाई लाख के नशीले पदार्थ सहित मां-बेटा गिरफ्तार



समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** सीआईडी की गुप्त सूचना पर सीआईए होडल व कैंप थाना पुलिस ने छापेमारी कर लाखों रुपए की स्मैक व नगदी सहित मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। कैंप थाना पुलिस ने सीआईए होडल की शिकायत पर मां-बेटे के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा (21बी) के तहत मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले में अवैध रुप से चल रहे नशे के धंधे की शिकायतें मिलने पर एसपी डॉ. अंशु सिंगला ने अभियान चलाया हुआ है, वहीं प्रदेश में सीआईडी की टीम भी नशा तस्करों की तलाश में जुटी हुई है। बुधवार को देर शाम सीआईडी प्रभारी को जानकारी मिली की लोहागढ़ (खाटुश्याम कॉलोनी) में रहने वाली शीला देवी व उसका बेटा प्रवीण नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करते है। सूचना मिलने पर उन्होंने अपनी टीम से जांच कराई तो मामला सच्चा पाया गया। जिसके बाद सीआईडी प्रभारी ने होडल सीआईए व कैंप थाना के साथ टीम का गठन किया और जब टीम बताए गए स्थान पर लोहागढ़ गांव पहुंची तो पुलिस को देखकर एक नौजवान लडक़ा व एक और भागने लगे। लेकिन टीम ने दोनों को काबु कर उनके नाम पूछे तो उन्होंने प्रवीण व शीला देवी बताया। टीम ने कहा कि आपके पास नशीला पदार्थ होने का शक है, तलाशी ली जाएगी। तलाशी के लिए नायब तहसीलदार श्रवण कुमार को मौके पर बुलाया गया। नोडल अधिकारी के सामने टीम के सदस्य व महिला पुलिस ने तलाशी ली तो पोलोथीन में 79 ग्राम स्मैक व लडक़ेके पास 25 हजार रुपए व उसकी मां के पास 13160 रुपए नगद बरामद हुए। पुलिस ने स्मैक व पैसों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार बाजार में 79 ग्राम स्मैक की कीमत दो लाख 37 हजार रुपए है, क्योंकि स्मैक तीन हजार रुपए ग्राम बिकती है। कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सीआईए होडल प्रभारी रविंद्र कुमार व सीआईडी प्रभारी अश्वनी कुमार के साथ कैंप थाना पुलिस की टीम ने लोहागढ़ की खाटुश्याम कॉलोनी निवासी प्रवीण व उसकी मां शीला देवी को नशीले पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि पता लगाया जा सके की वे नशीले पदार्थ कहां से लेकर आते है और किसे सप्लाई करते है।

# दुकान का ताला तोड़कर उड़ा ले गए कीमती सामान



समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** दुकान से रात्रि के समय शटर का ताला तोडक़र चोरी करने की वारदात दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार को सुबह जब चोरी के बारे में पता चला तो उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। बहीन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिनमें दो युवक दुकान में चोरी करते दिखाई दे रहे है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की पहचान कराने में जुटी हुई है। बहीन थाना प्रभारी रेणु शेखावत के अनुसार, बहीन गांव निवासी शिवम् उर्फ भोला ने दी शिकायत में कहा है कि उसने गांव के बस अड्डे पर सेटरिंग व पानी की फिटिंग आदि कार्य की दुकान खोली हुई है। पीड़ित अपनी दुकान का देर शाम ताला लगाकर अपने घर आ गया। सूबह जब उसने दुकान पर जाकर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। जिसको देखते ही उसके होश उड़ गए। दुकानदार मालिक ने इसकी जानकारी आस-पडोस के दुकानदारों व पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। चोर उसकी दुकान से काफी सामान को चोरी करके ले गए। चोरों की यह पूरी वारदात दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में दो चोर शटर को तोडक़र दुकान के अंदर घुसते हुए दिखाई दिए और फिर दुकान में रखा पूरा सामान खंगालते हुए, जो सामान कीमती था उसे अपने साथ चोरी करके ले गए। चोरों ने दुकान के अंदर रात्रि के समय काफी समय तक सामान को खंगाला है, जो सभी वारदात सीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित दुकान मालिक की शिकायत पर बहीन थाना पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। बहीन थाना प्रभारी रेणु शेखावत का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक अंशु सिंगला ने वेलफेयर मीटिंग के माध्यम से सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं

समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** पुलिस लाइन के कम्युनिटी सेंटर में जिला पुलिस द्वारा वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया गया। वेलफेयर मीटिंग की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक आईपीएस डॉ.अंशु सिंगला ने की। वेलफेयर मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला के सभी थानों, क्राइम ब्रांच यूनिट, चौकी इत्यादि से आए पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममयंक मिश्रा, डीएसपी पलवल दिनेश यादव, डीएसपी मुख्यालय नरेश कुमार, डीएसपी नरेंद्र खटाना, डीएसपी होडल कुलदीप सिंह एवं डीएसपी हथीन सुरेश भड़ाना, वेलफेयर इन्सपेक्टर सुशीला देवी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक नें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की समस्याओं, सरकारी आवासों व पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। पुलिस लाइन में आने वाली समस्याओं को सुना।

# 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले बैंक और डाकघर अब मतदाता शिक्षा और पहुंच बढ़ाने में ईसीआई की मदद करेंगे : धीरेंद्र खड़गटा

**देश भर में बैंकों की 1.6 लाख शाखाओं, 2 लाख से अधिक एटीएम और 1.55 लाख डाकघरों के माध्यम से ईसीआई संदेश व्यापक दर्शकों तक पहुंचेगा**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि अपनी तरह की विशिष्ट पहल करते हुए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 2024 के आगामी लोकसभा आम चुनावों से पहले मतदाताओं तक पहुंच और जागरूकता के प्रयास बढ़ाने के लिए में आज दो प्रमुख संगठनों, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और डाक विभाग (डीओपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह पहल चुनावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में देश में ईसीआई के अथक प्रयासों की निरंतरता में है। उल्लेखनीय है कि ईसीआई ने हाल ही में स्कूलों और कॉलेजों के शैक्षिक पाठ्यक्रम में चुनावी साक्षरता को औपचारिक रूप से एकीकृत करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त श्री अरुण गोयल की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एमओयू के अंतर्गत, आईबीए और डीओपी अपने सदस्यों और संबद्ध संस्थानों/इकाइयों के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से जनकल्याण के लिए मतदाता शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करेंगे, नागरिकों को उनके चुनावी अधिकारों, प्रक्रियाओं और पंजीकरण एवं मतदान के चरणों के बारे में जानकारी देते हुए सशक्त बनाने के लिए विभिन्न हस्तक्षेपों को नियोजित करेंगे।

**एमओयू की मुख्य विशेषताओं में निम्नलिखत शामिल हैं:**

सदस्य और संबद्ध संस्थान/इकाइयां अपनी वेबसाइटों पर मतदाता शिक्षा से जुड़े संदेशों को प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे, जिससे उस पर विजिट करने वालों को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मार्गदर्शन मिलेगा। मतदाता शिक्षा सामग्री को विभिन्न प्रचार चैनलों जैसे सोशल मीडिया और सदस्य संस्थानों के ग्राहक आउटरीच प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा, जिससे हितधारकों और जनता के बीच व्यापक जागरूकता सुनिश्चित होगी। मतदाता शिक्षा संबंधी संदेश प्रमुख स्थानों पर कार्यालय के बुनियादी ढांचे/परिसरों पर पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग्स के रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे, जो प्रमुख संपर्क बिंदुओं पर ग्राहकों तक पहुंचेंगे। आईबीए और डीओपी के तहत सभी सदस्य संस्थान कर्मचारियों और ग्राहकों को मतदाता शिक्षा से संबंधित चर्चाओं और पहलों में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता मंच स्थापित करेंगे। आईबीए और डीओपी के कर्मचारियों के नियमित अभिविन्यास कार्यक्रमों में स्वीप संबंधी प्रशिक्षण मॉड्यूल के बारे में संवेदनशील बनाना। डाक विभाग डाक वस्तुओं पर एक विशेष रद्दीकरण टिकट (मतदाता शिक्षा संदेश अंकित) लगाएगा।

# स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को दें प्रॉपर्टी का मालिकाना हक : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा



**प्रॉप्रटी आईडी, मसावी और मुरब्बा स्टोन आदि से संबंधित समस्याओं का 31 मार्च तक निपटारा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश**

**मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ स्वामित्व योजना को लेकर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने की वीडियो कान्फ्रेंस**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई स्वामित्व योजना बहुत ही बेहतरीन योजना है, जिसके तहत लाल डोरा क्षेत्र में आने वाली जमीन व निर्माणस्थल का ग्रामीणों को मलिकाना हक दिया जा रहा है। जिला नूंह में स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरे के अंतर्गत आने वाली बची हुई जमीन व निर्माणस्थल की रजिस्ट्री कर उन्हें वितरित करने का कार्य शीघ्र ही पूरा करने के अधिकारियों को आदेश दिए। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने वीरवार को मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ स्वामित्व योजना को लेकर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद जिला के राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीविंस रिडरेसल पोर्टल पर आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर मार्च माह के अन्त तक अवश्य निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को लाल डोरा में मालिकाना हक का प्रमाण पत्र देने के लिए जारी की गई प्रॉप्रटी आईडी, मसावी और मुरब्बा स्टोन आदि से संबंधित समस्याओं का 31 मार्च तक निपटारा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी कार्ड से जमीन का मालिकाना हक मिलने से ग्रामीणों कई प्रकार के फायदे होंगे। इस प्रॉपर्टी का मालिक हक मिलने के बाद किसी भी बैंक से लोन लेना आसान होगा तथा अन्य किसी कार्य में प्रयोग कर सकते हैं।

# खेल नर्सरी खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 मार्च अंतिम तिथि : उपायुक्त

**ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित खेलों के लिए खोल सकते हैं नर्सरी**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हरियाणा सरकार प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जिसके लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई है। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रुट लेवल पर खेल प्रतिभाओ को उभारना है। खेल नर्सरी योजना के तहत खेल नर्सरी ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित खेलों के लिए ही खोली जा सकेंगी, जिसके लिए इच्छुक संस्थान खेल विभाग हरियाणा के पोर्टल haryanasports.gov.in/ पर 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

# विद्यार्थियों के पास बुनियाद परीक्षा पास कर आईआईटी व नीट की तैयारी करने का बेहतरीन अवसर

**90.41 फीसदी विद्यार्थी बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा देने पहुंचे।**

**नूह में दो केंद्रो पर हुई परीक्षा।**




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने जानकारी देते हुए बताया की हरियाणा शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा जिला स्तर पर नूह में आयोजित की गई। परीक्षा के लिए जिले में जिलास्तर पर दो केंद्र राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह एक और दो को बनाए गया था। परीक्षा का आयोजन सुबह 12.30 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक किया किया गया। परीक्षार्थियों को एक घंटा पहले 11.30 बजे तक पहुंचना था। दो ही केन्द्र होने के कारण परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़ देखी गईं। शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा के आयोजन की सभी व्यवस्था चाक चौबंद की हुई थी। प्रत्येक कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों की संख्या अनुसार निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। वहीं, बुनियाद की परीक्षा हेतु बनाए गए केंद्रों अर्थात विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश किया गया था।

परीक्षा के समुचित क्रियान्वयन व सुचारू संचालन के लिए जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य को को नोडल अधिकारी बनाया गया था। आर्य ने बताया की विद्यार्थियों के पास बुनियाद परीक्षा पास कर आईआईटी व नीट की तैयारी करने का बेहतरीन अवसर है। संबंधित विद्यालय मुखिया ने इस परीक्षा के लिए अधीक्षक के रूप में कार्य किया। प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न थे। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित थे। परीक्षा पांच कोड में आयोजित की गई। वहीं परीक्षा में गलत उतर देने पर एक चौथाई नैगेटिव मार्किंग का प्रावधान बनाया गया था।

इससे पहले गत 02 फरवरी को आयोजित बुनियाद लेवल-1 परीक्षा का परिणाम 21 फरवरी को जारी किया गया था। बुनियाद लेवल-1 परीक्षा में जिले से 772 विद्यार्थियों का चयन लेवल-2 परीक्षा के लिए हुआ था। आज की परीक्षा में 772 विद्यार्थियों में दोनो परीक्षा केंद्र पर कुल 698 परीक्षा देने पहुंचे। कुल 74 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। लेवल-2 की परीक्षा के आधार पर चयनित विद्यार्थी लेवल-3 की परीक्षा में भाग लेंगे। जो इसके बाद जल्द ही होगी।

# लोक संपर्क कार्यालय पलवल में कार्यरत मांगेराम हुए सेवानिवृत्त



समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** सूचना लोक संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय के एमबीपी मांगेराम को पलवल में विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने पर समारोह का आयोजन कर हार्दिक बधाई दी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ व सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पवन यादव ने मांगेराम को उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सरकारी नौकरी में नियुक्ति पाता है, वह निर्धारित समय पर सरकारी सेवाओं से निवृत्त भी होता है। उन्होंने कहा कि मांगेराम ने अपनी ड्यूटी के कार्यकाल में पूरी कर्तव्य निष्ठा से विभाग में कार्य किया। उन्होने बताया कि मांगेराम ने 31 वर्ष विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं। मांगेराम 1993 में जिला फरीदाबाद में सदस्य भजन पार्टी के पद पर नियुक्त हुए। उन्होंने अपनी ड्यूटी के कार्यकाल के दौरान फरीदाबाद, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर व पलवल में अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृतति के दौरान कार्यक्रम में विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने मांगेराम के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में विभाग के सभी कर्मचारियों ने मांगेराम सदस्य भजन पार्टी को स्मृति चिन्ह भेंट कर और फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिवादन व्यक्त किया। सेवानिवृत्त कार्यक्रम में जिला सूचना जनसंपर्क कार्यालय पलवल के अधीक्षक राजबीर, लेखाकार विनोद, राजाराम, हरीचंद, प्रेमचंद, अमर सिंह, विक्रम सिंह, मुकुट लाल, जवाहर सिंह, लल्लूराम, दुलीचंद, हेतराम, विजेंद्र सिंह डागर, महेश कुमार, सतीश कुमार, महीपाल, अनिल शर्मा, हरकेश, देवेंद्र तेवतिया, जगदीशचंद, सोनू सैनी, कुलदीप, दीपक तथा पुराना कोर्ट परिसर स्थित कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी सहित मीडिया कर्मी और मांगेराम के परिजन के साथ-साथ उनके पैतृक गांव बंचारी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लंबित मांगों को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला स्तरीय बैठक हुई



समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ(संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया)जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ अध्यापकों की लंबित मांगों को लेकर हुई। संघ की तरफ से नेतृत्व जिला प्रधान ओमप्रकाश जाखड़ और मास्टर वर्ग जिला प्रधान नवल किशोर ने किया। बैठक का संचालन जिला सचिव थान सिंह शर्मा ने किया। उन्होंने एलटीसी और मेडिकल रीइंबर्समेंट मामलों को वरिष्ठता के आधार पर निपटाने,पार्ट टाइम, मिड डे मील, एक्सप्रेसिया एचकेआरएन के कर्मचारियों का बजट प्रतिमाह देना सुनिश्चित करने व 2017 बैच के शेष बचे अध्यापकों को कंफर्म करने जेबीटी व मास्टर वर्ग के काफी लंबे समय से लंबित ए.सी.पी मामलों को हल करने और पीएफएमएस फंड पर लगी रोक हटाने की मांग की। कक्षा 6 से 8 तक जारी वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र हेतु राशि उपलब्ध कराने की मांग की। पलवल जिला में जी.आई.एस अकाउंट के लिए सीरीज जारी करने की मांग की। मेडिकल रिईमबर्षमेंट के कुछ मामलों को मौके पर ही निपटाया गया। पीएफएमएस में आ रही समस्याओं को दूर करने, बजट आते ही डाल देने का आश्वासन दिया। बैठक में भारद्वाज, सुनील कुमार, राजपाल महाबली, देवेंद्र डागर, वीर बहादुर सिंह, सुरेंद्र तंवर, महेश शर्मा, हरेंद्र अत्रि, देवी राम, हरी चंद वर्मा और सर्व कर्मचारी संघ के नेता जितेंद्र तेवतिया, राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, राकेश तंवर, हरकेश सौरौत ने भाग लिया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर युवाओं को नशे से दूर रहने, खेलों में हिस्सा लेने के लिए किया प्रोत्साहित




समाचार गेट/हेमलता

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज वीरवार एसपी डॉ. अंशु सिंगला,आईपीएस के दिशानिर्देश अनुसार जिला पुलिस के खेल से जोड़ो अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी हथीन सुरेश भड़ाना की देख रेख में हथीन शहर में युवाओं की खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया और युवाओं को नशे के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। इस क्रिकेट आयोजन में आसपास के लगने वाले गांव हथीन तथा नूह, तावडू,फिरोजपुर झिरका,पुन्हाना,नगीना की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट आयोजन के दौरान पलवल पुलिस की जागरूकता टीम ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में और नशे से होने वाली हानियों के बारे में युवाओं को जागरूक किया। साथ ही लोगों से अपील की अगर आपके एरिया में कोई नशा बेचता है या इसके संबंध में किसी भी प्रकार का गैर कानूनी व्यापार करता है तो आप इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। आप युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान लगातार पुलिस के द्वारा चलाए जा रहा है। उन्होंने साइबर अपराध,डायल 1930 एवं 112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान युवाओं को खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि व्यायाम करना हमारे शरीर को दुरुस्त रखने के लिए अति आवश्यक है और खेलना एक प्रकार का व्यायाम है इसलिए युवाओं को अपना पसीना खेल के मैदान में बहाना चाहिए न कि अनैतिक कार्यों में अपनी ऊर्जा को व्यर्थ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलने से हमारा शरीर तो तंदुरुस्त रहता ही है परंतु इसके साथ-साथ हमारा दिमाग भी एकाग्र रूप से पूरी तरह काम करता है तथा हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा को बनाए रखना है तथा आलस्य को दूर भगाता है इसलिए हर व्यक्ति को व्यायाम करना चाहिए या किसी भी प्रकार का खेल खेलना चाहिए जिसमें शरीर की कसरत होती रहे। इसके साथ ही पुलिस टीम ने और युवाओं को नशे की दुष्परिणाम, डायल-112 एप, साइबर क्राइम, यातायात के नियमों के बारे में और हमारे नैतिक जिम्मेदारी के बारे में भी जागरूक किया।

# उदयभान और दीपेन्द्र हुड्डा ने असंगठित कामगार एवं कर्मचारी सम्मेलन को किया संबोधित

**कांग्रेस घोषणा पत्र के जरिए सरकार आने पर मनरेगा मजदूरों को 150 दिन काम, सफाई कर्मियों, ग्रामीण चौकीदारों और मनरेगा मेट को पक्का कराएंगे : दीपेन्द्र हुड्डा**

**10 साल की सरकार के बाद नागरिक भयमुक्त नहीं बल्कि अपराधी भयमुक्त हो गए : दीपेन्द्र हुड्डा**

**हरियाणा में परिवर्तन होगा गैंगस्टर हरियाणा छोड़ दें नहीं तो सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार उन्हें छोड़ेगी नहीं : दीपेंद्र हुड्डा**

**हुड्डा सरकार ने हरियाणा को शिक्षा का हब बनाया, मौजूदा सरकार ने शिक्षा का बंटाधार कर दिया, ताकि गरीब का बच्चा पढ़ न सके : उदयभान**

**कांग्रेस रहेगी तो नौकरी रहेगी, कांग्रेस रहेगी तो संविधान रहेगा : उदितराज**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक, 29 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र हुड्डा आज सांपला की ओल्ड अनाज मंडी में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस द्वारा आयोजित सम्मेलन में पहुंचे। इस अवसर पर उदयभान ने कहा कि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस द्वारा रोज कमाने रोज खाने वाले मेहनतकश वर्ग की आवाज़ उठाने का काम किया जा रहा है। काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने जिस पांच न्याय की बात की है उसमें से एक श्रमिक न्याय इसी वर्ग को अन्याय से निजात दिलाकर न्याय दिलाने से जुड़ा हुआ है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कामगार वो वर्ग है जिनके हाथ से हिन्दुस्तान की तकदीर संवारी जा रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अगर आज देश का सबसे बड़ा मजदूर वर्ग किसी योजना से जुड़ा है तो वो मनरेगा है। जिसका उपहास संसद में भाजपा ने उड़ाया था। कांग्रेस पार्टी ने गांव-गांव में मजदूरों के लिये काम और मजदूरी की गारंटी दी। दीपेन्द्र हुड्डा ने ऐलान किया कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार आने पर एक तरफ किसान को एमएसपी की गारंटी देंगे तो दूसरी तरफ मनरेगा मजदूर के लिये 150 दिन या उससे ज्यादा के काम की गारंटी और मनरेगा मेठ ग्रामीण चौकीदार, सफाई कर्मचारी को पक्का कराया जायेगा।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 2004 से पहले हरियाणा में जंगलराज का आलम था। कांग्रेस की हुड्डा सरकार आने के बाद सारे गैंगस्टरों का सफाया करके शांति स्थापित की गई लेकिन आज दोबारा से जंगलराज कायम हो गया। 10 साल की सरकार के बाद नागरिक भयमुक्त नहीं बल्कि अपराधी भयमुक्त हो गए। प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची। पिछले एक महीने के अखबार देखें तो बहादुरगढ़, सांपला, गोहाना, तोशाम, खरखौदा, रोहतक आदि कई जगहों पर फायरिंग, हत्या, फिरौती, अपहरण की घटनाएं सामने आयी। हरियाणा में विकास की रफ्तार को थमते पहली बार देखा। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनाव के बाद हरियाणा में परिवर्तन होगा। अपराधी, गैंगस्टर या तो हरियाणा छोड़ दें नहीं तो सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार उन्हें छोड़ेगी नहीं।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकारी रोजगार समाप्त कर दिये। ठेका प्रथा समाप्त करने की बजाय सरकार ही कौशल निगम के माध्यम से ठेकेदार बन गयी। दूसरे देश इजराइल के युद्धग्रस्त इलाकों से अपने नागरिकों को वापस निकाल कर ले जा रहे हैं, उस समय सरकार यहाँ से ठेके पर उन्हें इजराइल के युद्धग्रस्त इलाकों में काम करने भेज रही है। उन्होंने कहा कि जो हरियाणा विकास निवेश, प्रति व्यक्ति आय, आपस की सुख-शांति में नंबर 1 था। हुड्डा सरकार के 10 साल में किसी भी वर्ग को धरना प्रदर्शन आंदोलन नहीं करना पड़ा। आज वही हरियाणा विकास दर में 17वें नंबर पर तो बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, भ्रष्टाचार में नंबर 1 पर पहुंच गया। फिरौती, अपहरण, रेप में नंबर 1, हत्या में नंबर 2 पर पहुंच गया। हरियाणा में चौपट राज आ गया। 2019 में भाजपा-जजपा ने 5100 रुपये बुढ़ापा पेंशन और फैक्ट्रियों में 75 प्रतिशत रिजर्वेशन देने के नाम का समझौता किया, लेकिन न तो 5100 की पेंशन आयी न नौकरियों में 75 प्रतिशत रिजर्वेशन मिला। हालत ये हो गयी है कि हरियाणा की 75 प्रतिशत नौकरियां दूसरे राज्यों के लोगों को दी जा रही है। हाल ही में HPSC ने विकास और पंचायत विभाग में स्ठश्ध (सिविल) की भर्ती में सामान्य वर्ग के 48 पदों में से अन्य प्रदेशों के 19 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। दिसंबर 2023 में 7 BDPO में से 4 गैर-हरियाणवी भर्ती किये, फरवरी 2021 में हुई स्ठह इलेक्ट्रिकल की भर्ती में 99 लोगों को सिलेक्ट किया गया जिसमें 77 बाहर के थे, ये वहीं भर्ती थी जिसे 2019 चुनावों से पहले कैंसिल किया गया था। क्योंकि पहले इस भर्ती में 80 में से 78 बाहर के अभ्यार्थियों को सिलेक्ट किया गया। इसी तरह लेक्चरर ग्रुप-B (टेक्निकल एजुकेशन) की भर्ती में सामान्य श्रेणी के 157 में से 103 अभ्यार्थी हरियाणा से बाहर के सेलेक्ट हुए थे। यानि हरियाणा की राजपत्रित लेवल की पोस्ट पर हरियाणा से बाहर के 65% से ज़्यादा अभ्यर्थियों का चयन हुआ। साल 2019 में असिस्टेंट प्रोफेसर पॉलिटिकल साईंस की भर्ती में 18 में से 11 उम्मीदवार बाहरी थे और सिर्फ 7 हरियाणवी थे।

असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने कहा कि कांग्रेस रहेगी तो नौकरी रहेगी, कांग्रेस रहेगी तो संविधान रहेगा। आज देश बचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक देशवासी की है। देश भर में 45 करोड़ असंगठित कामगार हैं। जो मनरेगा, निर्माण, रेहड़ी पटरी, ठेका श्रमिक जैसे 156 तरह के क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार मनरेगा जैसी योजनाओं का बजट घटाती जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार ने गरीबों को 100-100 गज के मुफ्त प्लाट, 22 लाख बच्चों को वजीफा देने का काम किया। जबकि बीजेपी सरकार ने सत्ता में आते ही गरीबों के कल्याण की सारी योजनाओं को बंद कर दिया। इस सरकार ने परिवार पहचान पत्र के नाम पर 10 लाख लोगों के राशन कार्ड, और पाँच लाख लोगों की पेंशन काट दी गई। हुड्डा सरकार ने हरियाणा को शिक्षा का हब बनाया था लेकिन मौजूदा सरकार ने प्रदेश में शिक्षा का बंटाधार कर दिया। इस सरकार ने 4800 सरकारी स्कूल मर्ज कर दिए, 498 स्कूल बंद कर दिये गये, 538 स्कूलों लड़कियों के लिये शौचालय नहीं है, 1047 स्कूलों में लड़कों के लिये शौचालय नहीं है। 8640 स्कूलों के कमरों की जरुरत है। हुड्डा सरकार के समय जो मेडिकल फीस 40 हजार रुपये सालाना थी उसे मौजूदा सरकार ने बढ़ाकर 50 लाख सालाना कर दिया, ताकि गरीब का बच्चा डॉक्टर न बन पाए।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेस पार्टी के संकल्प दोहराते उए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम, गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे के मकान, किसान को एमएसपी गारंटी, हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली, खिलाड़ियों के लिए पदक लाओं पद पाओ नीति, हर गृहणी को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर, खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर भर्ती शुरू कराएंगे और बैकवर्ड क्लास की क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर गुरूग्राम मेट्रो को रेवाड़ी/बावल तक, बहादुरगढ़ मेट्रो को सांपला होते हुए रोहतक तक, कुंडली मेट्रो को सोनीपत तक, बल्लभगढ़ मेट्रो को पलवल तक और नजफगढ़ मेट्रो को झज्जर तक लेकर आएंगे और हर गाँव-शहर को पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय वाले विकास से जोड़ेंगे और हरियाणा को दोबारा से देश में नंबर 1 बनाएंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज, रोहतक लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राव नरेंदर, पूर्व विधायक उमेद सिवाच, प्रो. वीरेंद्र, चक्रवर्ती शर्मा सीपी सोनी, एससी प्रकोष्ठ हरियाणा के अध्यक्ष मनोज बागड़ी, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर, पार्षद मनोज पार्षद राजेश पार्षद अंकित, पार्षद परमिंदर, पार्षद ईश्वर शर्मा, बलबीर, पार्षद शिवकुमार गोल्डी पार्षद जगबीर खत्री बीसीए समाज से सुरेंद्र पांचाल, कुलदीप केडी, राकेश गर्ग संजय अभिमन्यु, ओमप्रकाश लोहिया, अशोक प्रधान, विनय गर्ग रामलाल, नरेंदर साधुराम प्रमोद सरपंच, मनीष सरपंच, योगेश सरपंच, मुकेश सरपंच, अजमेर मलिक, सांपला मंडी, खेड़ी, नया बांस समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा में कुरुक्षेत्र से होगा युग परिवर्तन : डॉ. सुशील गुप्ता

**क्षेत्र से नदारद रहे सांसद नायब सैनी, नहीं किए लोगों के काम : डॉ. सुशील गुप्ता**

**कुरुक्षेत्र और पूरे हरियाणा का युवा सड़कों पर : डॉ. सुशील गुप्ता**

**कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के युवाओं का भविष्य अंधकार में नहीं जाने दूंगा : डॉ. सुशील गुप्ता**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कैथल/कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता की, इस दौरान जिला अध्यक्ष सरदार गज्जन सिंह, सतवीर गोयत, सोनिया शर्मा, अमरीक सिंह, ईशम सिंह और कविता मौजूद थे। गुप्ता जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र से हरियाणा और भारत में युग परिवर्तन होगा। हरियाणा इंडिया गठबंधन में पूर्ण बहुमत से लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में चारों तरफ बेरोजगारी का आलम है। हरियाणा बेरोजगारी में नम्बर वन पर है। बेरोजगारी के कारण प्रदेश के युवा डंकी के रास्ते विदेश जाने को मजबूर हैं। कितने युवा अपनी जान गवा चुके हैं, कितने मां-बाप अपने बच्चों को खो चुके हैं और कितने ही लोग अपनी जमीन जायदाद गवा चुके हैं। आज कुरुक्षेत्र का युवा सड़कों पर है, परंतु सरकार के कानो पर जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकार ये मानने को ही तैयार नहीं है कि कुरुक्षेत्र और हरियाणा में बेरोजगारी है।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की स्थिति इतनी इतनी भयानक द्य बन चुकी है कि कुरुक्षेत्र और पूरे हरियाणा में हर घर में एक नौजवान बेरोजगार है। बेरोजगारी के कारण युवा डिप्रेशन और नशे की गिरफ्त में जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब तब हो रहा है जब सरकार में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। हरियाणा में 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं। ऐसे अन्य कई विभागों में हजारों पद खाली है। हरियाणा सरकार इन पदों को भरने में कोई ध्यान नहीं दे रही। यदि सरकार की नीयत साफ होती तो सभी पद भरे जा सकते थे। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। सरकार एक भी पेपर सही से नहीं करवा पाई। ऐसा दिखता है कि युवाओं को सरकारी नौकरी देना सरकार की मंशा ही नहीं है। पहले युवा सीईटी के जाल में उलझे रहे और पेपर देने के बाद कोर्ट के जंजाल में फंसा दिया। अपनी भर्ती को लेकर हरियाणा का युवा कोर्ट के धक्के खाने को मजबूर है। इस सरकार में 30 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि एक चपरासी की पोस्ट के लिए 4421 लोग अप्लाई करते हैं जिसमें पीएचडी, एमबीए, एमसीए, इंजीनियर लेवल के पढ़े लिखे युवा अप्लाई करते हैं। हरियाणा सरकार युवाओं को पक्की नौकरी देने में विफल रही है और सरकार ने युवाओं के साथ छलावा करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया है। इसमें भरती के नाम पर खाना पूर्ति हो रही है,

केवल आंकड़े बढ़ाने के लिए अस्थाई नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास युवाओं के लिए कोई भी प्लान नहीं है। जिस कारण युवा आत्महत्या करने को मजबूर हैं।एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में 2021-22 में 3783 लोगों ने आत्महत्या की है जो पिछले वर्ष के मुकाबले ढाई प्रतिशत ज्यादा है। आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी है, बेरोजगारी की वजह से ही नशा बढ़ रहा है, क्राइम बढ़ रहा है और बेरोजगारी की वजह से ही युवा अवैध रास्ते से विदेश जाने को मजबूर है।


उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को किसी शांतिप्रिय देश में भेजने की बजाय इसराइल जैसे युद्धग्रस्त देश में फसाने जा रही है। यदि उनको कुछ हो गया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। वहीं दूसरी तरफ पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार डेढ़ साल में 42000 से ज्यादा सरकारी नौकरी दे चुकी हैं। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है और उद्योग लगाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से जो लोग बाहर गए थे अब वो लौट कर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार युवाओं को 10 साल में भी रोजगार नहीं दे पाई उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। पीएम मोदी ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था जो जुमला निकला। उन्होंने कहा मैं कुरुक्षेत्र की जनता को यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि कुरुक्षेत्र के युवाओं का भविष्य अंधकार में नहीं जाने दूंगा। कुरुक्षेत्र के युवाओं के लिए जो करना पड़े करेंगे। युवाओं के लिए एक एक्शन प्लान बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र ने सबको मौका दे कर देख लिया। एक मौका हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल को देकर देखें।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोग कह रहे हैं कि जो सांसद उन्होंने चुना था वो यहां से नदारद रहा। लोगों के कोई काम नहीं किए। इस यह किसान बहुल क्षेत्र है, भाजपा सरकार ने किसानों को एक साल से ज्यादा समय तक बॉर्डरों पर बैठा कर रखा। जहां 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। परंतु किसानों ने मंडियां बंद नहीं होने दी। आज फिर किसान एमएसपी के लिए खट्टर सरकार की गोलियां खा रहा है और किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंके जा रहे हैं। दूसरी तरफ दिल्ली सरकार ने केन्द्र सरकार को अपने स्टेडियम देने से मना कर दिया ताकि किसानों के लिए जेल न बने और पंजाब सरकार ने शुभकरण को शहीद का दर्जा दिया। एक करोड़ रूपए सम्मान राशि दी और उसकी बहन को सरकारी नौकरी दी। आज क्षेत्र की जनता सब देख रही है। अब जनता लोकसभा चुनाव में इस चोट का जवाब वोट से देगी।

# घट रही खेती की जमीन बढ़ रहा किसान पर कर्ज : कुमारी सैलजा

**राज्यसभा और लोकसभा में समय-समय पर पेश रिपोर्ट से होता खुलासा**

**हर घंटे देश में औसतन एक से अधिक कर्ज में डूबे किसान गंवा रहे जान**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में किसानों के पास कृषि योग्य जमीन लगातार घट रही है, जबकि कर्ज की रकम लगातार बढ़ रही है। बढ़ते कर्ज के कारण हर घंटे देश में औसतन एक से अधिक किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं और फिर भी केंद्र की भाजपा सरकार इनकी सुध लेने की बजाए अपने पूंजीपति मित्रों की कर्जा माफी में जुटी हुई है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि यह खुलासा राज्यसभा व लोकसभा में समय-समय पर पेश रिपोर्ट और एरनएसओ व एनसीआरबी के आंकड़ों से होता है। इससे पता चलता है कि देश की करीब 52 फीसदी आबादी रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर है और जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत है। लेकिन, दूसरे सेक्टर्स के मुकाबले देश में खेती से जुड़े लोगों की स्थिति लगातार खराब ही हो रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का प्रत्येक किसान परिवार आज 74121 रुपये के कर्ज तले दबा है, जबकि एक किसान परिवार की औसत मासिक आय सिर्फ 10218 रुपये ही है। किसानों की घरेलू स्वामित्व जोत का औसत आकार भी घटता जा रहा है। देश में 9.31 करोड़ किसान परिवारों में से 6.56 करोड़, यानी 70 प्रतिशत से अधिक के पास 01 हेक्टेयर से भी कम जमीन है। देश में सिर्फ 0.4 प्रतिशत किसान परिवारों के पास ही 10 हेक्टेयर से अधिक भूमि है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों की बदतर हालत को इसी बात से समझा जा सकता है कि प्रत्येक किसान परिवार के पास औसतन 0.876 हेक्टेयर जमीन है। लगातार कर्ज में डूबने के कारण साल 2012 से 2022 के बीच 114695 किसान खुदकुशी कर चुके हैं। यानी, हर दिन में 31 जान जा रही हैं। किसान बैंकों, सरकार, सहकारी समितियों व सूदखोरों के कर्जदार हैं और इस कर्ज को समय पर चुका भी नहीं पा रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा के किसान कर्ज के मामले में देश में चौथे नंबर पर आते हैं। यानी, खराब स्थिति के मामले में टॉप 4 में हैं। यहां 19.06 लाख किसान परिवार हैं, जिनमें से 9.06 लाख परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं, जो कुल कृषक परिवारों का 47.5 प्रतिशत हैं। इन पर औसत कर्जा 1.82 लाख रुपये है। इतना सब होने के बावजूद प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने एक बार भी केंद्र की भाजपा सरकार के सामने यहां की हकीकत बताती रिपोर्ट नहीं रखी है। इससे पता चलता है कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है।

# 1966 के समझौते की चर्चा तक नहीं हरियाणा का पानी राजस्थान भेजने का एमओयू साईन ! : विद्रोही

**संयुक्त पंजाब व राजस्थान के बीच 1966 में हुए समझौते अनुसार साबी, कृष्णावती व दोहन नदी का पानी हरियाणा को मिलना चाहिए ताकि अहीरवाल के रेवाडी, महेन्द्रगढ़, गुडगांव जिले के भू-जलस्तर को ऊपर उठाने के लिए उस पानी का प्रयोग किया जा सके : विद्रोही**

**कांग्रेस की भूपेन्द्र सिंह हुड्डा सरकार ने पहली बार अहीरवाल में पानी पहुंचाने के लिए 400 करोड़ रूपये की लागत से हांसी-बुटाना मेन ब्रांच नहर बनाई, लेकिन 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद वह प्रोजेक्ट भी ठंडे बस्ते में चला गया : विद्रोही**

**राजस्थान को हरियाणा का बाढ का फालतू पानी देने की बजाय भाजपा सरकार इस पानी को दक्षिणी हरियाणा में पहुंचाये व राजस्थान को 1966 के समझौते अनुसार साबी, कृष्णावती व दोहन नदी का पानी देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य करे : विद्रोही**



**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा कि पिछले 50 सालों से दक्षिणी हरियाणा-अहीरवाल की जनता मांग करती आ रही है कि संयुक्त पंजाब व राजस्थान के बीच 1966 में हुए समझौते अनुसार साबी, कृष्णावती व दोहन नदी का पानी हरियाणा को मिलना चाहिए ताकि अहीरवाल के रेवाडी, महेन्द्रगढ़, गुडगांव जिले के भू-जलस्तर को ऊपर उठाने के लिए उस पानी का प्रयोग किया जा सके। विद्रोही ने कहा कि संयुक्त पंजाब व राजस्थान के बीच साबी, कृष्णावती व दोहन नदी के पानी के समझौते को 58 साल हो चुके है और इन 58 सालों में हरियाणा में सभी दलों की सरकारे आई और गई, पर किसी भी सरकार ने 1966 के समझौते को लागू करवाना तो दूर, इस पर कभी गंभीरता से राजस्थान सरकार से बात तक नही की। हरियाणा सरकारों की उपेक्षा के चलते 1978 के बाद साबी, कृष्णावती व दोहन नदी का एक बूंद पानी भी दक्षिणी हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र में नही आया जिसके चलते इस क्षेत्र का भू-जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है।

विद्रोही ने कहा कि हरियाणा सरकारों की अहीरवाल क्षेत्र के प्रति उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण राजस्थान ने साबी, कृष्णावती व दोहन नदी पर विभिन्न छोटे-छोटे बांध बनाकर इन नदियों का सारा बरसाती पानी रोक लिया है। अहीरवाल की ओर से मैं स्वयं विगत 35 सालों से विभिन्न सरकारों व मुख्यमंत्रीयों के समक्ष व्यक्तिगत रूप से मिलकर व अखबारों के जरिये इस मुददे को उठाता रहा हूं, पर किसी के कान पर जूं तक नही रेंगी। हरियाणा में कांग्रेस, जनता पार्टी, लोकदल, इनेलो, जनता दल, हाविपा, भाजपा सहित सभी दलों की सरकारे रही और आज विभिन्न दलों के सभी प्रमुख नेता कभी न कभी सत्ता में रहे है, लेकिन किसी भी नेता ने कभी भी 1966 के समझौते अनुसार राजस्थान से साबी, कृष्णावती व दोहन नदी से हरियाणा के हिस्से का पानी लेने के लिए नाममात्र का भी प्रयास नही किया और न ही हरियाणा में उपलब्ध नहरी पानी को दक्षिण हरियाणा अहीरवाल क्षेत्र में लाने का प्रयास किया। कांग्रेस की भूपेन्द्र सिंह हुड्डा सरकार ने पहली बार अहीरवाल में पानी पहुंचाने के लिए 400 करोड़ रूपये की लागत से हांसी-बुटाना मेन ब्रांच नहर बनाई, लेकिन 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद वह प्रोजेक्ट भी ठंडे बस्ते में चला गया।

विद्रोही ने कहा कि अब भाजपा ने हरियाणा में बाढ़ के फालतू पानी को हथनी कुंड बैराज से . किया है, लेकिन 1966 के समझौते अनुसार साबी, कृष्णावती व दोहन नदी का पानी राजस्थान हरियाणा को दे, इस पर चर्चा तक नही की जो बताता है कि भाजपा सरकार अहीरवाल के सरोकारों के प्रति किस तरह भेदभावपूर्ण सौतेला व्यवहार कर रही है। विद्रोही ने मांग की कि राजस्थान को हरियाणा का बाढ का फालतू पानी देने की बजाय भाजपा सरकार इस पानी को दक्षिणी हरियाणा में पहुंचाये व राजस्थान को 1966 के समझौते अनुसार साबी, कृष्णावती व दोहन नदी का पानी देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य करे।

# आज होगी जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

## बैठक में रखे जाएंगे कुल 13 परिवाद, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली करेंगे बैठक की अध्यक्षता

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि शुक्रवार को जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसकी विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली करेंगें। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में कुल 13 परिवाद रखें जाएगें जिनका मौके पर ही सामाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में 6 पुरानी व 7 नए परिवाद रखें जाएगें। शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार निवासी उजीना की शिकायत उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, जिला राजस्व अधिकारी से संबंधित है: तहसीलदार तरुण प्रकाश के खिलाफ थी कि तहसीलदार तरुण प्रकाश के पास से तकसीम के मुकदमें को वापिस लेने की दरखास्त लगाई। शिकायत सतबीर निवासी गांव मोहम्मदपुर अहीर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जिला अग्रणि प्रबंधक नूंह से संबंधित है। शिकायत है कि कोऑपरेटिव बैंक कलावाड़ी तहसील तावडू जिनमें किसानों के द्वारा फसल का बीमा कराया गया था। जिन्होंने अपनी फसल का बीमा कराया हुआ था परंतु बैंक के कर्मचारी हंसराज पुत्र श्री राम ने सभी किसानों के बीमा के पैसे से अपनी जेब भरने का काम किया है तथा फसल बीमा कंपनी के पोर्टल पर जमा नही कराता है। शिकायतकर्ता असपाक पुत्र नियामु निवासी चीला तहसील तावडू की शकियत उपमंडल अधिकारी ना. तावडू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नूंह एट मांडीखेड़ा से संबधित है शिकायत है कि बहन वकीला पत्नी आकिव निवासी गांव निजामपुर, तावडू, जिला-नूंह चार माह की गर्भवती थी जिसके पेट में दर्द हो रहा था। मैंने माडर्न अल्ट्रासांउड तावडू से अपनी बहन वकीला का अल्ट्रासांउड कराया। डाक्टर साहिबा ने मुझे नहीं बताया कि बच्चा ठीक है लेकिन बच्चे की गर्भ नाल में कुछ कमी है इसकी दवाईयां ले लो। मैंने अपनी व बहन को दवाईया दिला दी लेकिन कुछ आराम नहीं मिला। मैंने अपनी बहन वकीला को तसलीमा हासपिटल की संचालक डा0 तसीला को दिखाया और अल्ट्रासांउड की रिपोर्ट दिखाई। डा. तसलीमा ने कहा कि बच्चा खराब हो गया है इसका गर्भपात करना पड़ेगा, वरना वकीला की जान जा सकती है। उसने मुझे अपनी बातों से काफी डरा दिया कि बिना गर्भपात के वकीला नहीं बचेगी। डा. तसीला ने मेरी बहन का गर्भपात कर दिया। शिकायतकर्ता फूल सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी वार्ड न. 7 पुन्हाना की शिकायत सचिव नगरपालिका पुन्हाना से संबंधित है। शिकातकर्ता की शिकायत है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो बार किश्तें डाली गई है, जिनमें दोनों बार ही अनियमित्ता बरती गई है। शिकायतकर्ता जयपाल पुत्र तोताराम निवासी वार्ड नं.15 रजवाडा मोहल्ला की शिकायत उपमंडल अधिकारी ना. तावडू, सचिव नगरपालिका तावडू से संबंधित है। शिकायतकर्ता की शिकायत है कि सीएम विंडों के माध्यम से शिकायत थी कि उनका नाम पी.एम.ए.वाई योजना संख्या 068004326436500035 में दर्ज है,



लेकिन तीन वर्षो से मेरा मकान टुटा हुआ है और मुझे अभी तक एक भी किश्त नही मिली है। शिकायतकर्ता आसिफ अली वार्ड न.1 मकसूद अहमद वार्ड न.2 की शिकायत जिला नगर आयुक्त नूंह, कार्यकारी अधिकारी नगरपरिषद से संबधित है शिकातकर्ता की शिकायत है कि गाड़ी पार्क की चार दिवारी टुटी हुई तथा जो पूरी तरह बदहाल और खंडहर में तबदील हुआ पड़ा है। शिकायतकर्ता सोहन पुत्र बत्तूराम गांव लाहाबास पिनगवां की शिकायत पुलिस अधीक्षक से संबंधित मेरी लडक़ी सपना 9 जनवरी 2023 को जितेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र लक्ष्मण निवासी धारुहेडा बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि पिनगवां थाने में तैनात एएसआई सरोज देवी ने लडक़ी का ब्यान बदलने बाबत मुझे प्रार्थी से 2 लाख रुपए नगद व करीब 1 लाख 65 हजार रुपए खर्च करा दिया है। एएसआई सरोज देवी ने दोषी जितेन्द्र उर्फ कल्लू के साथ साज-बाज हो गई तथा लड़ी का आज तक कोई ब्यान नही बदलवाया गया है। शिकायतकर्ता सहिला पत्नी मुबीन निवासी नल्हड़ नूंह की शिकायत जिला नगर योजनाकार नूंह से संबंधित है शिकायतकर्ता ने बताया कि मेरे पति अराजी जरई खेवट / खाता नं.-27 / 27 मु. नं.-37. कीला नं.-18(8-0). 23(8-0) रकवा 16 कनाल व गरला व खेवट / खाता नं. 425 / 439 मु. नं.-37, कीला नं.-17 (8-0). 24 (8-0). मु. नं. 38 कीला नं. 4 / 1 (5-0). रकवा 21 कनाल व मरला वाका मौजा नल्हड, तहसील व जिला-नूंह हिस्सेदार मालिक व काबिज है। मेरे वंश से 2 लडकियां हैं, जिनकी परवरिश की जिम्मेवारी भी मुझ पर है, जबकि मुवीन मुझे कोई आर्थिक सहायता नहीं दे रहा है। शिकायतकर्ता मुमताज अली पुत्र इसमाईल निवासी मुढैंता पिनगवां की शिकायत कार्यकारी अभियंता पंचायती राज से संबंधित है। शिकायत कर्ता की शिकायत है कि जौहड़ के मोडिफाई के लिए के लिए लगभग 36 लाख रुपए की राशि आई थी जिसको ग्राम सचिव, जे.ई. एबीपीओ, अकाउटैंट व खंड विकास पंचायत अधिकारी मिलकर गबन कर चुके है। जबकि धरातल पर कोई कार्य नही नही हुआ है। शिकायतकर्ता जगदीश पुत्र मूलचंद निवासी बुखाराका उप तहसील नगीना की शिकायत है खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नगीना से संबंधित है।

शिकायत है कि उसके पिता जी मृत्यु के बाद उसके चाचा व ताउ ने सरकार द्वारा लाल डोरा के अंदर की जमीन का ड्रोन द्वारा सर्वे कराया गया था। मेरे ताउ रूपचंद ने सर्वे अधिकारियों व ग्राम सचिव व सरपंच आदि से मिलकर तथा मेरे चाचा हरचंद व रामकरण से रुपए लेकर हमारी गांव बुखाराका में स्थित सारी जमीन को मेरे दो चाचा हरचंद व रामकरण के नाम करवा दिया। शिकायतकर्ता सायरा की शिकायत जिला समाज कल्याण अधिकारी से है कि मेरी उम 61 वर्ष हो गई है लेकिन अभी तक मेरी बुढापा पेंशन नही बनी है। शिकायतकर्ता डालचंद पुत्र तुलसीराम निवासी खेड़ला की शिकायत जिला नागरिक संसाधन सूचना प्रबंधक से है कि मेरी परिवार पहचान पत्र नंबर 6स्नष्टह्ल1983 में मुझे पी.डब्ल्यूडी विभाग में कर्मचारी दिखाया हुआ है जो कि गलत है। शिकायतकर्ता नरेश कुमार सरपंच निवासी संगेल जिला नूंह की कार्यकारी अभियंता दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नूंह से है कि हमारे गांव से जाजुका व रैनिवाल के लिए जो बिजली की लाईन जा रही है वो आबादी के अंदर से होकर जा रही है व तार नीचे टिके हुए रहते है। जिस कारण खम्बे क्षतिग्रस्त हो चुके है जिस करण आमजन को जान माल का खतरा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायत का जवाब अपने साथ स्वयं लेकर आएं और अपने किसी भी अन्य अधिकारी व कर्मचारी को न भेजे।

# 9 गांवों के हजारों किसानों और महिलाओं द्वारा अपने बचे मुआवजे को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आईएमटी रोजका मेव के लिए 9 गांवों के किसानों की अधिग्रहण की गई 1600 एकड़ जमीन के मुआवजे को लेकर किसान 12 वर्षों से लगातार मांग करते आ रहे हैं। बुधवार को 9 गांवों के हजारों किसानों और महिलाओं ने अपने बचे मुआवजे को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आईएमटी रोजका मेव के नौ गांवों के किसानों की जमीन के मुआवजे को लेकर गुरुवार को हजारों किसान और महिलाएं अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे, जहां उनके बीच हरियाणा भारतीय किसान यूनियन के नेता रवि आजाद पहुंचे। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि 2010 में कांग्रेस की सरकार में रोजका मेव सहित नौ गांवों की 1600 एकड़ जमीन को आईएमटी रोजका मेव के लिए अधिग्रहण किया गया था। उस दौरान किसानों की जमीन को सरकार द्वारा 25 लाख रुपए का मुआवजा देकर प्रति एकड़ अधिग्रहण किया गया था। लेकिन उसके बाद सरकार ने मच्छगर, रेवासन और चंदावली गांवों की जमीन को भी अधिग्रहण किया गया था। लेकिन वहां के किसानों ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी जमीन को सस्ते दामों में सरकार पर लेने का आरोप लगाकर मुआवजा बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने किसानों को प्रति एकड़ 2 करोड़ की राशि देने के आदेश दिए थे। वही जब इन नौ गांवों के किसानों को पता चला कि तीन गांवों के किसानों को 2 करोड़ प्रति एकड़ मिले हैं, तो उन्होंने भी लंबी लड़ाई लड़कर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। जिस पर सरकार ने किसानों से बातचीत करते हुए उनकी जमीन को 46 लाख रुपए प्रति एकड़ देने की बात कही और उनसे एफिडेविट पर साइन करा लिए ताकि वह कोर्ट में ना जा सके और सभी किसानों को 21- 21 लाख रुपए देकर कहा कि आगे आपको 25-25 लाख रुपए ओर दे दिए जाएंगे। लेकिन आज तक भी किसानों को उनके पैसे नहीं दिए गए हैं।

किसान नेता रवि आजाद ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने किसानों के एफिडेविट लेकर उनके साथ धोखा किया और अब भाजपा सरकार भी उनकी नहीं सुन रही है। जिससे किसानों को उनका ना तो 25 लाख रुपए प्रति एकड़ मिला है और ना ही उन्हें रॉयल्टी भी समय पर नहीं मिल रही है। गुरुवार को किसान नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि जो उनसे एफिडेविट कराए गए हैं। उनको तत्काल रद्द किया जाए और उन्हें ब्याज सहित राशि दी जाए, ताकि उनका पूरा मुआवजा मिल सके। उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करते हुए कहा कि जब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा, जब तक उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल मेवात आ रहे हैं। इस दौरान जिला प्रशासन किसानों की बातचीत मुख्यमंत्री से कराए और उनके इस मसले को हल कराए ताकि किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा मिल सके। अन्यथा उनका धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन चलता रहेगा किसानों ने कहा कि अगर सरकार और जिला प्रशासन ने उनकी मांगों को नहीं माना तो आज बनाई गई किसानों की कमेटी कड़े निर्णय लेने को मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान गुरुवार को धरना प्रदर्शन पर जिला प्रशासन की ओर से नूंह के एसडीएम अश्वनी कुमार पहुंचे और किसानों ने उनको ज्ञापन देते हुए उनकी बात को सीएम तक पहुंचाने की मांग की। एसडीएम अश्वनी कुमार ने कहा कि किसानों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है और मांग कि है कि इन गांवों के लोगों को मच्छगर और चंदावली के तर्ज पर मुआवजा दिया जाए। इतना ही नहीं आर एंड आर पॉलिसी के तहत किसानों को 6500 रूपए गज के हिसाब से प्लाट दिए जाएं। गांव में कब्रिस्तान व श्मशान घाट, ईदगाह ,स्टेडियम तालाब, सार्वजनिक कार्यों के लिए उचित जगह छोड़ी जाए। गांव से गांव को जोड़ने का रास्ता दिया जाए, रोजका मेव में लगने वाले औद्योगिक में नौ गांवों को 33% आरक्षण दिया जाए। आईएमटी में होने वाले विकास कार्य में स्थानीय ग्राम वासियों को भागीदारी दी जाए। आईएमटी में लगने वाले बिजली घर 220 केवी सबस्टेशन में अन्य सब स्टेशनों का लाभ नौ गांवों को दिया जाए और गरीब परिवारों को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 100-100 गज के प्लाट दिए जाएं और भूमि मालिकों की बकाया रॉयल्टी वार्षिक समय पर दी जाए।

# नूंह के अलालपुर में दर्जनों ने बीजेपी छोड़ कांग्रेस में व्यक्त की आस्था, आफताब को मिला जनसमर्थन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा कॉंग्रेस के घर घर कांग्रेस, हर घर कॉंग्रेस अभियान प्रदेश भर के साथ साथ नूंह जिले में भी लगातार लोगों को जोड़ने में कामयाब हो रहा है। बृहस्पतिवार को विधानसभा सभा सत्र के खत्म होने के बाद नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद हल्के के अलालपुर गांव पहुंचे, जहां दर्जनों लोगों ने अन्य दलों को छोडकर कॉंग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त की। इन प्रमुख लोगों ने बीजेपी सहित अन्य दलों को छोडकर कॉंग्रेस पार्टी जॉइन की: मुबीन, शहजाद, शेरा, हाजी उमरसेद, दीनू, आसू, याकूब उर्फ धौला, दाऊद, शेरू, इस्राइल, नियाजु , परवेज, अजरु, शाहबदीन, महमूदा, हाजी फज्जर, नफीस, प्यारेलाल, रायभान आदि के परिवारों ने आफताब अहमद की अगुवाई में कॉंग्रेस में आस्था व्यक्त की है। गांव के लोगों ने उन्हें पगडी पहनाकर मालाओं से जोरदार स्वागत किया और काफी लोगों ने कॉंग्रेस की नीतियों से सहमती जताई।

विधायक ने स्थानीय लोगों का धन्यवाद करते हुए कॉंग्रेस की नीतियों के बारे में और बीजेपी जजपा सरकार की विफलताओं के बारे में अवगत कराया।

विधायक आफताब अहमद ने लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि बीजेपी जजपा सरकार की नीति और नीयत ही मेवात के विकास की नहीं है, उग्रवादी आतंकवादी लोगों पर लगने वाला यूएपीए कानून मेवात के निर्दोष लोगों पर लगाया जा रहा है। बता दें कि विधायक आफताब अहमद ने विधानसभा सत्र में यूएपीए कानून का मुद्दा उठाया था। नूह हिंसा में बेकसूर लोगों को फंसाने का मुद्दा भी उठाया गया इसके अलावा मेवात को मिलने वाला दूषित पानी, प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, शिक्षको की कमी, जयसिंहपुर स्कूल शुरू करने, शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज को दुरुस्त करने, आरोही मॉडल स्कूल के नतीजों, जिले की खराब होती धरती, नूंह शहर की सफाई व सीवरेज, जिले में खेल खिलाड़ियों की सुविधाओं, नूंह अलवर रोड, नूंह बाईपास, दिल्ली मुंबई एक्स्प्रेसवे पर उजीना मरोडा में कट देने, नूंह में ऑडिटोरियम बनाने, जर जर सड़कों की मरम्मत आदि के मुद्दे उठाये। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कॉंग्रेस सरकार में दस साल पूरे प्रदेश का विकास हुआ था, हरियाणा को विकास में नंबर एक बनाया था,किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी आदि वर्ग के उत्थान कार्य किये। प्रदेश में कहीं मेडिकल कॉलेज, कहीं बिजली कारखाने, शिक्षा क्षेत्र में नए कॉलेज व विश्वविद्यालय, सड़कें बनाने, कर्जा माफी आदि के काम हुए थे। नूंह मेवात में भी विकास का पहिया घूमा था।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के नौ सालों में नूंह में विकास हुआ था, जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, कई आईटीआई, मानू संस्थान, कस्तूरबा गांधी विधालय, कई आरोही माडल स्कूल, कोटला झील, राजीव गांधी रैनीवैल योजना, बादली परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, लघु सचिवालय नूंह, मेवात कैनाल, रोजगार के साधन, किसानों की कर्ज माफी, बीपीएल प्लाट, कई बस अड्डे, कई बिजली घर आदि बनाए गए थे। काफ़ी काम जैसे केंद्रीय विद्यालय सालाहेडी, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल छपेडा, नगीना में एमडीयू रीजनल सेंटर, कोटला झील का विस्तारीकरण, रेल का कार्य, सेक्टर बनने आदि के कार्य बीजेपी जजपा सरकार ने रोक दिए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा विकास की नहीं बल्कि समाज को बांटने की सोचती है। नौ साल में मेवात को विकास कार्य नहीं बल्कि दंगो की आग में झोंका गया है, आपसी भाईचारे को तोड़ने की कोशिश हुई, और अब मेवात के देशभक्त लोगों पर यूएपीए जैसे कानून थोपे जा रहे हैं।दोबारा कॉंग्रेस सरकार बनने पर मेवात का विकास का पहिया तेज गति से घूमेगा। मेवात के भाईचारे को बचाने व विकास को शुरु कराने के लिए भाजपा का सफाया जरुरी है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आज प्रदेश बीजेपी जजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। भाजपा के नौ साल के शासनकाल में प्रदेश हित में कोई सौगात नहीं मिली। युवा वर्ग नौकरियां न मिलने के कारण परेशान हैं, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चर्म पर है। प्रत्येक वर्ग अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि स्थानीय भाजपा नेता सत्ता की मलाई चाटने में व्यस्त रहे हैं जबकि मेवात के हितों के लिए कोई आवाज नहीं उठा सके। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा घर घर कॉंग्रेस अभियान हर शहर, गांव के हर घर तक पहुँचेगा। कॉंग्रेस कार्यकर्ता जन हितैषी नीतियों का और बीजेपी जजपा सरकार की गलत नीतियों व नियत का प्रचार-प्रसार जरूर करें। कॉंग्रेस सरकार बनने पर जिले के लोगों के मान सम्मान का भरपूर ख्याल रखा जाएगा। जो लोग सहयोग व समर्थन कर रहे हैं उनके लिए वो हर वक्त सहयोग के लिए तैयार रहेंगे।

इस दौरान पीसीसी सदस्य महताब अहमद, आमिल चेयरमैन, मुबीन तेड यूथ जिला अध्यक्ष, शारिक अहमद, हाकम, वहीद, हाजी अब्बास, शाहिद, कबीर ठेकडा, शेरू बीबीपुर जमील सुल्तापुर, खुर्शीद देवला, उस्मान सरपंच, अयूब शेरावत आदि मौजूद थे।

# शहीद राजा हसन खाँ मेवाती का सम्मान हर मेवाती का सम्मान है: चौधरी ताहिर हुसैन

### देश की स्वतंत्रता में मेवात के हजारों शहीदों का रहा है अहम योगदान : ताहिर हुसैन एडवोकेट

### मुख्यमंत्री ने शहीद हसन खाँ मेवाती व हजारों मेवों की शहादत का किया सम्मान, राज्य स्तर पर दिया शहीदी दिवस का दर्जा: ताहिर हुसैन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश की आजादी में शहीद होने वाले राजा हसन खाँ मेवाती व जंग-ए-आज़ादी में शहीद होने वाले सभी मेवों की याद में 9 मार्च को बड़कली चौक पर आयोजित शहीद राजा हसन खाँ मेवाती दिवस का निमंत्रण देने के लिए आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के सुपुत्र व युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने नूँह विधानसभा के गाँव रेहना, हुसैनपूर, भडंगाका, सूड़ाका, उलेटा, चंदेनी आदि का दौरा कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचनें की अपील की।

ताहिर हुसैन ने कहा कि मेवात के लोगों ने देश की आजादी में हजारों कुर्बानियाँ दीं। शहीद राजा हसन खाँ मेवाती व उनके साथ 12 हजार मेवों ने राणा सांगा के साथ बाबर के खिलाफ खानवा के मैदान में लड़ाई में भाग लिया और वे 15 मार्च, 1527 को लड़ते लड़ते शहीद हो गए। पिछली सरकारों ने इतने बड़े देश-भक्त व वीर शहीदों को बुला दिया था। हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहीद राजा हसन खाँ मेवाती व हजारों शहीद मेवों की शहादत का सम्मान करते हुए उन्हें राज्य स्तर पर शहीदी दिवस का दर्जा देने व उनकी याद में संग्रहालय स्थापित करने व शहीद राजा हसन खाँ मेवाती की बड़कली चौक पर बड़ी प्रतिमा लगाने का फैसला लिया। यह हर मेवाती के लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है। यह एक गैर राजनैतिक कार्यक्रम है इसलिए सभी मेवातवासियों को इस कार्यक्रम में पहुंचना है। हुसैन ने कहा कि आगामी 9 मार्च को नूँह जिले के बड़कली चौक पर आयोजित शहीद राजा हसन खाँ मेवाती दिवस में मुख्य अतिथि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय मनोहर लाल होंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हजारों लोग गवाह बनेंगे।

ताहिर हुसैन ने सभी लोगों से अपील की कि आगामी 9 मार्च को बड़कली चौक पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें और मुख्यमंत्री द्वारा दिए मेवातवासियों के लिए इतने बड़े सम्मान की शोभा बढाएँ।

उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनके सुपुत्र चौधरी ताहिर हुसैन शहीद राजा हसन खाँ मेवाती दिवस की तैयारियों को लेकर काफी गंभीर हैं। वे लगातार गाँव-गाँव जाकर मेवात के लोगों से संपर्क कर 9 मार्च को शहीद हसन खाँ मेवाती दिवस का निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदी-दिवस ऐतिहासिक होगा जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे और मेवात के वीर शहीदों को खिराज़े-ए-अकीदत पेश करेंगे।

# हरियाणा बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार के बजट 2024-25 में रेवाड़ी के विकास को मिलेगी नयी गति : अमन जून

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा बजट के बारे में बात करते हुए जिला प्रवक्ता अमन जून ने गठबंधन सरकार द्वारा रेवाड़ी और प्रदेश के लिए किये गये विकास कार्यों पर विस्तार से बताया। जून ने बताया कि जल समस्या के समाधान के लिए 2 परियोजनाओं की योजना बनाई गई है। इसमे गुडगाँव जलापूर्ति चैनल की रि-मॉडलिंग और मेवात फिडर पाइप लाइन परियोजना शामिल है जिससे धारूहेडा औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गाँव की वर्ष 2050 तक कि पेयजल और औद्योगिक उपयोग के पानी की मांग को पूरा करने के लिए आयोजित की गयी है। इनकी मौजूदा क्षमता 175 क्यूसिक से बढ़ाकर 686 क्यूसिक की जाएगी। इन दो परियोजनाओं पर 3028 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है तथा यह कार्य अगस्त, 2024 तक शुरू होने की



संभावना है। अमन जून ने जिला रेवाड़ी की रोड कनेक्टिवीटी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार रेवाड़ी बाईपास, रेवाड़ी-नारनौल, रेवाड़ी-दिल्ली-गुडगाँव और पटौदी से रेवाड़ी के बीच रोड कनेक्टिवीटी बढ़ाने पर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने एक अन्य मंजूरी दी है। इसके तहत हिसार से महेन्द्रगढ, महेन्द्रगढ-रेवाड़ी और रेवाड़ी से तावडू के बीच भविष्य में सड़क कनेक्टिवीटी और बेहतर की जाएगी। उन्होंने बताया प्रदेश में फिल्हाल लगभग एक दर्जन एक्सप्रेस-वे और तीन नैशनल हाईवे हैं। इसके बावजूद गठबंधन सरकार इनकी संख्या बढ़ने के लिए निरंतर कर रही है। इसी तरह सिंचाई के क्षेत्र में नहरों के सुधार के लिए पिछले साल के मुकाबले अधिक बजट देना अंतिम छोर तक पानी पहुचाने के टार्गेट को पूरा करने में मदद करेगा। बजट में पशुधन के लिए नए आठ हस्पताल, ब्लॉक स्तर पर डिस्पेंसरी, गाँव में समय पर पशुओं के उपचार के लिए मोबाइल डिस्पेंसरी की शुरुआत की गयी है। सात हज़ार सोलर पंप का बजट में प्रावधान करने से कृषि क्षेत्र मे किसानो के लिए स्पेशल योजनाओं की शुरुआत करने में सहायता करेगा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर मेला एवं खेलकूद प्रतियोगिता 7 और 8 को

**रेवाड़ी।** गांव छुरियावास में मंदिर कमेटी और समस्त ग्रामीणों की ओर से आगामी महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 2 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा। मंदिर कमेटी के प्रधान रघुवीर यादव ने बताया कि इस उत्सव का शुभारंभ 7 मार्च को होगा। इस अवसर पर मेला और भंडारा भी लगाया जाएगा। उनके मेले में 7 मार्च को खेल आयोजन में वॉलीबॉल शूटिंग और कुश्ती दंगल होगा, जिनके फाइनल मुकाबले 8 मार्च को कराए जाएंगे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के प्रथम, दिवतीय तथा तृतीय विजेता को क्रमश 11 हजार, 5100 और 2100 रुपए इनाम दिया जाएगा। कुश्ती का कामड़ा 11 हजार रुपए का होगा। आयोजन कमेटी के उप प्रधान रामकिशन यादव और खेमराज नंबरदार ने बताया कि गांव छुरियावास बावल रोड़ स्थित बिठवाना चौक से पूर्व दिशा में 2.5 किलोमीटर दूर है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# 106.90 फीसदी उत्पादकता के साथ संपन्न हुआ बजट सत्र

**सभी 90 विधायकों ने की भागीदारी, 13 विधेयक पारित**

**विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पत्रकारों के साथ सांझा किए आंकड़े**

**विधिवत ड्रेस से सधा अनुशासन, पूरे रिकॉर्ड का डिजीटलाइजेशन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 फरवरी।** विधान सभा के पूरे रिकॉर्ड के डिजीटलाइजेशन व अधिकारियों, कर्मचारियों की विधिवत ड्रेस लागू होने के साथ 14वीं विधान सभा का अंतिम बजट सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान 33 घंटे 48 मिनट कार्यवाही चली और सत्र में प्रदेश के सभी 90 विधायकों ने भाग लिया। सत्र की कार्य उत्पादकता 106.90 फीसदी रही। 20 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चले इस सत्र में 7 बैठकें हुईं। इस दौरान सदन में 13 विधेयक पारित किए गए। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने वीरवार को विधान सभा सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के साथ बजट सत्र के आंकड़े सांझा किए। बजट की सफलता के लिए विस अध्यक्ष ने सत्तापक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों, कर्मचारियों तथा मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विधान सभा के सभी कर्मचारियों के लिए ड्रेस लागू की। इससे सदन में अनुशासन देखने को मिला, वहीं कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति गौरवान्वित दिखाई दिए। हरियाणा विधान सभा में ऐसा प्रयोग पहली बार हुआ है।

गुप्ता ने कहा कि डिजिटल युग में हरियाणा विधान सभा ने एक और नई छलांग लगाई है। विधान सभा का 1966 से लेकर अब तक का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध हो गया है। इस रिकॉर्ड में सभी सत्रों की कार्यसूची, सदन का आह्वान एवं सत्रावसान, प्रस्ताव/नोटिस, अल्प अवधि नोटिस, प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, गैर-सरकारी व सरकारी संकल्प, बिल, बुलेटिन, समीक्षा, सदन की कार्यवाही, माननीय विधायकों का बायोडाटा तथा सभी समितियों की रिपोर्ट शामिल है। यह सुविधा शोधार्थियों और मीडिया कर्मियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

उन्होंने बताया कि 1007 दर्शकों ने सत्र की कार्यवाही देखी। इनमें 456 स्कूली बच्चे और दूसरे संस्थानों व समूहों के व्यक्ति शामिल रहे। सत्र के दौरान 5 दिन प्रश्नकाल रहा। इसके लिए 100 तारांकित प्रश्न कार्यवाही का हिस्सा बने, जिनमें से 61 सवालों के जवाबों पर सदन में चर्चा हुई। कुल 59 विधायकों के तारांकित सवाल इस सत्र में शामिल किए गए। इनमें भाजपा के 23, कांग्रेस के 25, जजपा के 6, इनेलो के 1 तथा 4 निर्दलीय विधायक शामिल रहे। इनके अलावा 26 विधायकों के 138 अतारांकित प्रश्न भी कार्यवाही का हिस्सा बने।

उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण 102 मिनट का रहा। इस पर सदन में 5 घंटे 56 मिनट चर्चा हुई, जिसमें भाजपा के 13, जजपा के 4, कांग्रेस के 12, निर्दलीय 3 विधायकों को मिलाकर कुल 32 विधायकों ने भाग लिया।

अविश्वास प्रस्ताव पर 3 घंटे 54 मिनट चर्चा हुई। कुल 14 विधायकों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया। इनमें भाजपा के 4, जेजेपी के 2, कांग्रेस के 7, इनेलो का एक विधायक शामिल रहा। अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष ने वोटिंग में भाग नहीं लिया। इस कारण यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से अस्वीकृत हो गया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वित्त मंत्री के तौर पर 2 घंटे में बजट भाषण प्रस्तुत किया। इस पर सदन में 8 घंटे 17 मिनट चर्चा हुई। इस चर्चा में 59 माननीय विधायकों ने हिस्सा लिया। इनमें भाजपा के 26, जजपा के 7, कांग्रेस के 19, इनेलो का एक, निर्दलीय 6 विधायक शामिल रहे।

बजट सत्र के लिए 54 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। इनमें से 47 अस्वीकृत की गई। कुल 7 ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर सदन में चर्चा हुई। स्थगन प्रस्ताव के लिए 1 सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर 26 फरवरी को 1 घंटा 11 मिनट चर्चा हुई, जिसमें 16 विधायकों ने चर्चा में हिस्सा लिया। 3 गैर सरकारी प्रस्ताव भी आए थे, जिन्हें अस्वीकृत कर दिया गया। अल्प अवधि चर्चा के लिए 1 प्रस्ताव मिला था, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। इस दौरान एक प्राइवेट सदस्य विधेयक भी आया, जिसे टिप्पणी के लिए सरकार को भेजा गया है।

विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि उन्होंने बोलने के चाहवान सभी सदस्यों को समय देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान सभी दलों का सहयोग सराहनीय रहा है। इसके साथ ही उन्होंने विधायकों से अपील की कि उन्हें सदन की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए अपनी बात रखनी चाहिए।

**बजट सत्र 2024 में पारित 13 विधेयक :**

हरियाणा नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2024

औद्योगिक विवाद (संशोधन तथा विविध उपबन्ध) (हरियाणा संशोधन) निरसन विधेयक, 2024

हरियाणा अन्तरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण विधेयक, 2024

हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक, 2024

सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) हरियाणा संशोधन विधेयक, 2024

हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2024

हिसार महानगर विकास प्राधिकरण, विधेयक, 2024

हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2024

हरियाणा पिछड़े वर्ग (सेवाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2024

हरियाणा राज्य खेल संघ (पंजीकरण और विनियमन) विधेयक, 2024

हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2024

हरियाणा विनियोग (संख्या 1) विधेयक, 2024,

हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक

# लाइन लॉसिस मार्च 2024 तक 10 प्रतिशत से कम लाने का लक्ष्य, यमुनानगर में लगेगा 800 मेगावाट का एक थर्मल प्लांट

## रेवाड़ी, गुरुग्राम और मानेसर में वाहनों का 60 प्रतिशत से अधिक उत्पादन होता है, बिजली के बगैर संभवन नहीं

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 फरवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, नव एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री रंजीत सिंह ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में हरियाणा में काफी सुधार हुआ है। जब से उन्होंने विभाग का कार्यभार संभाला है तब से लाईन लॉसिस 10.3 प्रतिशत तक आ गया है और मार्च तक इसे सिंगल डिजिट में लाने का लक्ष्य है। ऊर्जा मंत्री आज यहां आयोजित छठे इलेट्स राष्ट्रीय ऊर्जा समिट में राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि थर्मल पॉवर की बजाय ग्रीन ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा की ओर भी देश तेजी से बढ़ रहा है। आने वाली पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य तथा समग्र विकास के लिए प्राकृतिक संस्थानों का विवेकपूर्वक व बुद्धिमत्ता से प्रयोग करना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नव एवं नवीनीकरण ऊर्जा पर जोर दिया और हाल ही में सर्वोदय नाम से रूफटॉफ योजना शुरू की है, जिससे लोग अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ साथ अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रीड में आपूर्ति कर सकेंगे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि देश की 60 प्रतिशत जेसीबी, 53 प्रतिशत क्रेन, 60 प्रतिशत कार तथा 60 प्रतिशत से अधिक दुपहिया वाहनों का उत्पादन हरियाणा के रेवाड़ी, गुरुग्राम और मानेसर क्षेत्र में होता है और यह बिजली की उपलब्धता के बिना संभव नहीं है। आईएमटी खरखौदा



में मारूति संजुकी कार दूसरा प्लांट स्थापित किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते ओद्यौगिकरण व बहुमंजिली आवासीय इमारतों को भी बिजली की आवश्यकता की पूर्ति कर रहे है, इससे बिजली की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के आभारी है, जिन्होंने यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल प्लांट को दिया है।

समारोह में ओद्यौगिकों की श्रेणी में एक मेगावॉट कनैक्टिड लोड श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मैसर्ज जिन्दल स्टेनलैस स्टील लिमिटिड हिसार तथा एमएसएमई श्रेणी में मैसर्जस विकटोरिया लिफिट्स लिमिटिड फरीदाबाद को दिया गया। एक मेगावॉट से कम श्रेणी में मैसर्ज डेनसो टेन्ट उनो मिंदा प्राईवेट लिमिटिड रेवाड़ी को। इसी प्रकार 500 किलोवॉट से कम ऊर्जा खपत वाले सरकारी भवनों की श्रेणी में श्रीमाता मनसा देवी श्राईन बोर्ड पंचकूला तथा 500 किलोवॉट से उपर की श्रेणी को सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग को दिया गया। वाणिज्यक भवन में एक मेगावाट से कम की श्रेणी में मैसर्ज कैनडोर गुरुग्राम, संस्थागत तथा संगठन सोसायटी श्रेणी में 500 किलोवाट से कम खपत वालों में सनातन धर्म कॉलेज अंबाला को प्रथम पुरस्कार।

इसी प्रकार 500 किलोवाट से ऊपर की श्रेणी में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक को प्रथम, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कला को द्वितीय तथा मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। नवाचार एवं नव तकनीकी तथा आरएनडी परियोजनाओं के ऊर्जा गणना/हरित भवन फर्म श्रेणी में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम तथा ए टू जेड एनर्जी इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद को दिया गया।

समारोह में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त सचिव एके सिंह, हरियाणा नव एवं नवीनीकरण ऊर्जा विभाग के महानिदेशक एस नारायण, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर चंडीगढ कारोलाईन रोबट ने भी संबोधित किया।

# हरियाणा की महिला शक्ति को भाजपा नेतृत्व पर पूरा भरोसा: उषा प्रियदर्शी

## भाजपा महिला मोर्चा ने चुनावी तैयारियों को किया तेज, प्रदेश के हर क्षेत्र में प्रवास कर सरकार की नीतियों का कर रहीं प्रचार प्रसार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/ पंचकूला।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी का जनसंपर्क अभियान जारी है। समय-समय पर वह महिला मोर्चा की कार्यकारिणी के साथ प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रवास कर जनता से मिल कर उनकी समस्याओं, सरकारी योजनाओं से उनके लाभान्वित होने के विषय में वह जानकारियां हासिल कर रही हैं। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने पंचकुला में जनसंपर्क किया।

महिला मोर्चा की कार्यकारिणी के साथ पंचकुला में प्रवास के दौरान उन्होंने कई परिवारों से मिल कर उनकी समस्याओं, क्षेत्र के विकास और सरकार की योजनाओं से उनके लाभान्वित होने के विषय में जानकारी हासिल की। इस मौके पर बातचीत करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने कहा कि हरियाणा की महिलाओं ने यह संकल्प लिया है कि अबकी बार फिर से मोदी सरकार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के प्रयास से आज पूरे देश सूरत बदल चुकी है।

चुनावी तैयारियों के संबंध में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री उषा प्रियदर्शी ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी ने बेहद कम समय में अपनी चुनावी तैयारियों को काफी अच्छी तरह आगे बढ़ा लिया है। उन्हें अपना पद संभाले करीब एक महीना ही हुआ है। इस कार्य अवधि में हमनें पूरे प्रदेश की टीम, कार्यकारिणी, जिलों के अध्यक्ष और मंडल स्तर तक सभी लोकसभा और जिलों के प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। हरियाणा में महिला मोर्चा का संगठन अपनी



सशक्त भूमिका निभाते हुए चुनावी तैयारियों में लगा है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। हमारी पूरी टीम हरियाणा में एक बार फिर कमल का फूल खिलाने के लिए तैयार है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सार्थक प्रयासों से महिलाओं का जीवन स्तर बड़े पैमाने पर सुधर चुका है। जिस तरह से हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं, उसी तरह राजनीति में भी महिलाएं पूरी कर्मठता और समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।

**हरियाणा की मातृशक्ति भाजपा के साथः अर्चना गुप्ता**

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी व प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की मातृशक्ति को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री पर पूरा भरोसा है। आज भले ही विपक्ष तरह-तरह के भ्रामक प्रचार कर रहा हो, लेकिन हरियाणा की महिलाओं के जीवन स्तर पर जिस तरह का सकारात्मक बदलाव भाजपा सरकार के शासन में आया है उसे खुद प्रदेश की महिलाएं महसूस कर रही हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने जिस तरह से पूरे भारत में रामराज्य की स्थापना का प्रयास शुरू कर दिया है उसका असर दिखना प्रारंभ हो चुका है। पीएम मोदी के सार्थक प्रयासों से जिस तरह से नारी की शक्ति बढ़ी है, उनका आत्मसम्मान सुरक्षित हुआ है उसे देखते हुए आज हरियाणा ही नहीं बल्कि बल्कि पूरे देश का महिला वर्ग भाजपा के हाथों में ही देश की बागडोर एक बार फिर सौंपने को तैयार है और भाई नरेंद्र मोदी को ही अपना अगला प्रधानमंत्री चुनना चाहता है। निश्चित रूप से अबकी बार 400 पार का नारा शत प्रतिशत सफल होगा।

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए महिला मोर्चा ने शुरू की तैयारियां**

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने कहा कि बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार से यह स्पष्ट हो चुका है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में वहां कानून का राज खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि आगामी छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संदेशखाली की पीडति महिलाओं से संवाद कर के उनके दुख को साझा करेंगे। भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से इस दिन करनाल लोकसभा क्षेत्र में हजारों महिलाओं को एकत्रित कर प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया जाएगा। इसी क्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी करनाल में इस विषय पर बहनों से संवाद करेंगे। पूरे हरियाणा के लिए भाजपा महिला मोर्चा की सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में करीब पांच-पांच हजार की संख्या में महिलाओं के साथ इस संबोधन को सुनेंगी। इन कार्यक्रमों के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सहित ऋचा पाहवा सहित भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश व जिले की तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहीं

# देश बोल रहा अबकि बार भाजपा 400 पार : धनखड़

**भाजपा राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने यूपी के गौतमबुद्ध नगर में कार्यकर्ताओं की ली कलस्टर बैठक**

**कार्यकर्ता मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिए जुट जाएं, जनता जर्नादन भाजपा के साथ - बोले धनखड़**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव की आहट के बीच पूरे देश में एक ही आवाज सुनाई दे रही है, अबकि बार भाजपा 400 पार और मोदी केंद्र में फिर से बनाएं सरकार । भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कलस्टर बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता भाजपा के साथ चलने को तैयार है, कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचना होगा और जनता के बीच रहकर बेहतर चुनावी प्रबंधन में जुटना होगा।

धनखड़ ने कहा कि भाजपा के पास के मोदी जैसा ओजस्वी नेतृत्व, पन्ना प्रमुख तक मजबूत संगठन और पिछले दस वर्षों में केंद्र व प्रदेशों में भाजपा की सरकारों के उल्लेखनीय कार्य गिनाने व बताने को हैं। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश की सुदृढ़ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था, गरीब, किसान, श्रमिक हितैषी कल्याण कार्य, सुशासन की नीति और सांस्कृतिक विकास के रिकॉर्ड कार्य हुए हैं। मोदी के नेतृत्व में देश चंद्रमा तक पहुंच गया है। सैन्य आधुनिकीकरण भारत की शक्ति कई गुणा बढ़ी है और दुश्मन थर्राने लगे हैं।

धनखड़ ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण, दिव्य काशी को भव्य काशी बनाना, कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक का खात्मा करना, हर भारतीय का अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना ऐसे कार्य हैं। जिनसे आम भारतीय का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है और इसी विश्वास के साथ देश के विकास की गति को कायम रखने के लिए मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाना चाहता है। अब कार्यकर्ताओं को जुटना होगा और हर मतदाता तक पहुंचना होगा।

गौतमबुद्ध नगर पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का स्थानीय नेताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। बैठक यूपी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी क्षेत्र सतेंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर गजेंद्र मावी, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक खुर्जा मीनाक्षी सिंह, लोकसभा प्रभारी अनिल सिसोदिया, लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, लोकसभा सह संयोजक राकेश राणा, क्षेत्रीय महामंत्री हरिऔम शर्मा व हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मजबूत बूथ तथा नवमतदाताओं पर फोकस करें कार्यकर्ता : राव नरबीर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाने के लिए इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर प्रभारी अपने-अपने बूथों को मजबूत किला बनाने का कार्य करें। विशेषकर नवमतदाताओं पर फोकस करते हुए चुनावी प्रचार में पूरी तत्परता से जुट जाएं। राव नरबीर सिंह गुरुवार को रोहतक कार्यालय में रोहतक कलस्टर स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, रोहतक लोकसभा संयोजक नरेश कौशिक, रोहतक जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका, झज्जर जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, रोहतक जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा, झज्जर जिला परिषद चेयरमैन कप्तान बीरधना, प्रदेश सचिव रेनु डाबला, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल समेत अनेकों पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



उन्होंने कहा कि आज देश का प्रत्येक वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से लाभान्वित हो रहा है। जिससे यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार पीएम की कुर्सी पर विराजमान होंगे। हम सभी को मिलकर इस बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करना है। इसके लिए प्रत्येक प्रभारी अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का कार्य करें तथा प्रतिदिन दो घंटे बूथ पर अवश्य लगाएं। मंडल तथा विधानसभा स्तर पर लाभार्थी सम्मेलनों का आयोजन किया जाए व उन्हें सरकार की नवीनतम योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएं। किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा अथवा ग्राम चौपाल लगाकर किसानों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें लाभानवित कराने का कार्य करें। क्योंकि भाजपा ही अब तक की सबसे बड़ी किसान हितैषी पार्टी साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता तथा युवा मोर्चा नवमतदातओं पर पूरा फोकस करे। क्योंकि युवा वर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बड़ा क्रेज है। युवाओं व नवमतदाताओं को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें पार्टी की योजनाओं व नीतियों से अवगत अवश्य कराएं। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली नारी शक्ति को भी अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोडने.का कार्य करें। पिछड़ा वर्ग, एससी मोर्चा के पदाधिकारी लोगों को पीएम विश्वकर्मा योजना से अवगत कराते हुए उन्हें लाभानवित कराने का कार्य करें। उन्होंने आह्वान किया कि पार्टी जिस भी प्रत्याशी को कमल का फूल लेकर भेजेगा, उसे भारी मतों से जिताना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए।

पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के ऐतिहासिक फैसलों ने देश-प्रदेश के लोगों के दिलों को जीतने का कार्य किया है। आज सरकार की ओर से हर वर्ग को लाभानवित कराने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियानवित की जा रही है। जिसका आमजन भरपूर लाभ उठा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के भारत और आज के हिंदुस्तान में दिन-रात का अंतर है, जो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से ही संभव हो पाया है।